दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 234 जयपुर, शुक्रवार, 02 अगस्त, 2024 I श्रावण, कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## बारिश राहत की... लोग आहत भी

### राजधानी जयपुर सहित 17 जिलों में भारी बारिश

जयपुर में 3 की मौत, नाले में बहा किशोर

# टूटा 12 साल का रिकॉर्ड... शहर की सड़कें बनी दरिया

■ मुख्यमंत्री ने बारिश से हुई मौतों पर 5-5 लाख का दिया मुआवजा

हजारों घरों में घुसा पानी, कई कच्चे घर गिरे, कई मकान क्षतिग्रस्त

- जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल और SMS अस्पताल के वार्डों में पानी भरने से हुई परेशानी
- रेलवे ट्रैक भी डूबे





**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में देर बीती रात तेज बारिश के बाद सड़कें दरिया में तब्दील हो गईं। जयपुर में जगह-जगह पानी भर गया। त्रिवेणी नगर, जयसिंहपुर खोर सहित कई इलाकों में मकान गिरने की सूचना है। विश्वकर्मा में तीन लोगों के मौत की सूचना है। हालांकि, इसकी अभी तक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। जयपुर में भारी बारिश की वजह से जिन इलाकों में मकान गिरने की सूचना है, उनमें त्रिवेणी नगर और जयसिंहपुरा खोर का दो मंजिला मकान शामिल है। वहीं, विश्वकर्मा में बेसमेंट में भरने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। बेसमेंट में दो बच्चे और एक व्यक्ति के डूबने की खबर है। फिलहाल, बेसमेंट से पानी को खाली कर शवों को ढूंढने का काम जारी है प्रदेश में बुधवार देर रात से जारी बारिश के कारण गुरुवार सुबह कई जगहों पर हालात बिगड़ गए। जयपुर में बेसमेंट में डूबने से 3 जनों की मौत हो गई तथा बगरु में एक किशोर नाले में बह गया। कई घंटे बाद भी उसका पता नहीं लग सका। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में हुई भारी बारिश के बाद एक्शन मोड पर आ गए। सीएमओं में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली तथा मौजूदा हालातों पर चर्चा की। इधर, बारिश ने कई सालों के रिकॉर्ड को तोड़ा है। जयपुर में बारिश ने 12 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। यहां बारिश के चलते शहर के विधाधर नगर इलाके में बेसमेंट में डूबने से 3 जनों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सीकर रोड स्थित वीकेआई मे पानी में डूबने से बिहार निवासी कमल शाह पुत्र बैजनाथ उम्र (23), पजा सैनी पुत्री अशोक सैनी (19) तथा पूर्वी सैनी पुत्री हटवारू सैनी (6) की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों को तुरंत सहायता के रुप में 4-4 लाख रुपए तथा 1-1 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष से कुल 5-5 लाख की सहायता का ऐलान किया गया। वहीं, जयपुर के बगरू (छीपा मोहल्ला) के नाले में एक 12 साल का लड़का बह गया, जिसकी तलाश जारी है। बुधवार रात से जारी बारिश के कारण सड़कें दरिया बन गई। निचले इलाकों में पानी घुस गया। जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल व एसएमएस के वार्डों में पानी भर गया। रेलवे ट्रैक डूब गए।

### प्रदेश के 17 से ज्यादा जिलों में हुई तेज बारिश

प्रदेश के जयपुर, करौली, अजमेर, अलवर, भरतपुर, दौसा, सीकर, सवाई माधोपुर, टोंक, नागौर, हनुमानगढ़ और चूरू जिले में मेघ जमकर बरसे। निजी स्कूलों में छुट्टी का ऐलान कर दिया गया।

### सीएम ने ली अधिकारियों की वर्चुअल बैठक-

भारी बारिश के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक्शन मोड पर आ गए। बारिश के तुरंत बाद सीएम ने मुख्यमंत्री कार्यालय में आपदा राहत कार्यों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। मुख्यमंत्री के साथ वीसी में चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी, एसीएस होम, एसीएस मुख्यमंत्री, एसीएस जल संसाधन, टी रविकान्त के अलावा जिला कलेक्टरों, एसपी, संभागीय आयुक्त, नगर निकाय के अधिकारी जुड़े। जयपुर में बारिश के कारण हुई मौतों पर सीएम ने संवेदना जताई। प्रत्येक के आश्रित को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी की। शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के कई जिलों में वर्षा जनित हादसों को रोकने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं और नियमित रूप से सघन मॉनिटरिंग की जाए।

---

## जरूरी खबर

### जयपुर में भारी बारिश के कारण अवकाश घोषित



**जयपुर।** जयपुर शहर में भारी बारिश को देखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जयपुर शहर के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक सभी विद्यालयों में शुक्रवार को 2 अगस्त का अवकाश घोषित किया है। सभी संस्था प्रधान आदेश की पालना सुनिश्चित करेंगे। बता दें, जयपुर में बुधवार रात से चल रही बारिश जनित हादसों में तीन जनों की मौत हो गई, वहीं जगह जगह पानी भरा है, जिससे राहगीरों और वाहनों का गुजरना दूभर हो गया है। बता दें, शहर में तमाम सड़कें दरिया होने के बावजूद गुरुवार को बच्चों को स्कूल जाने और लौटने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्कूल बसें भी सड़कें लबालब होने के कारण रास्तों में फंस गई। इसी के मद्देनजर यह निर्णय हुआ है।

### सीएम ने स्वप्रिल को दी पदक जीत की बधाई

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेरिस ओलंपिक-2024 में पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर स्वप्निल कुसाले को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश खेल क्षेत्र में प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में नित नई उपलब्धि हासिल कर रहे हैं। कुसाले की इस जीत पर पूरा देश गौरवान्वित है।

---

16वें केंद्रीय वित्त आयोग के साथ मुख्यमंत्री की बैठक

## विषम भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप मिले राज्य को मदद: शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विषम भौगोलिक स्थिति, विशाल क्षेत्रफल, मरुस्थलीय भू-भाग, जल संसाधनों की अत्यधिक कमी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति की बड़ी आबादी के परिप्रेक्ष्य में वित्त आयोग केन्द्र सरकार से राजस्थान को अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने की सिफारिश करें। उन्होंने वित्त आयोग से प्रदेश में भीषण जल संकट को ध्यान रखते हुए विषेष वित्तीय सहायता देने के लिए केन्द्र सरकार को सिफारिष करने का भी आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री शर्मा गुरूवार को सचिवालय में 16वें वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान विशाल भूभाग और बिखरी हुई आबादी वाला राज्य है, इस कारण यहां शिक्षा, चिकित्सा व स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, संचार सुविधा आदि बुनियादी सुविधाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए दूसरे राज्यों की तुलना में अधिक लागत आती है। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त लागत और प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को वित्तीय संसाधन मुहैया कराए जाएं।





### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं सचिव उपस्थित रहे। इस अवसर पर 'मेमोरेंडम टू 16 फाइनेंस कमीशन' पुस्तिका वित्त आयोग को सौंपी गई। उन्होंने आयोग के सभी सदस्यों को स्मृति चिह्न स्वरूप भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा भेंट की।

### हीट वेव, टिड्डियां आदि को प्राकृतिक आपदा में करें शामिल

बैठक में सीएम ने हीट वेव व रेगिस्तानी टिड्डियों को प्राकृतिक आपदा में शामिल करने, केन्द्रीय कर आय में राज्य के क्षेत्रफल को विशेष महत्व का दर्जा देने, पानी की कमी को देखते हुए प्रदेश को अनुदान देने, वित्त आयोग से स्थानीय निकायों को अनुदान बढ़ाने की सिफारिश करने की गुजारिश की।

### मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का नामकरण एवं लोगो

प्रदेश में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी दिसंबर माह में इन्वेस्टमेंट समिट 2024 आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर गुरुवार को सीएमओ में सीएम ने समिट के नामकरण एवं लोगो को लॉन्च किया। इसमें कई देशों के उद्योगपति भाग लेंगे।

---

आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी...

## SC और ST के क्रीमीलेयर को आरक्षण के दायरे से करें बाहर

**बेधड़क** | नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (CJI) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से फैसला सुनाया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अंदर उप-वर्गीकरण किया जा सकता है। यानी SC/ST को मिल रहे आरक्षण कोटे के अंदर कोटा लागू किया जा सकता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में वर्ष 2004 में दिए गए 5 जजों की पीठ के फैसले को खारिज कर दिया। उस फैसले में कहा गया था कि SC/ST कैटगरी के तहत उप-वर्गीकरण नहीं किया जा सकता है क्योंकि वे एक ही समरूप वर्ग में आते हैं।

अनुसूचित जाति-जनजाति के उप-वर्गीकरण को हरी झंडी देते समय संविधान पीठ के 7 जजों में से चार ने इस वर्ग के तहत भी क्रीमीलेयर की वकालत की और कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बीच 'क्रीमी लेयर' को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए। यानी इस कैटगरी में जो अमीर लोग हैं, उन्हें आरक्षण के लाभों से वंचित किया जाना चाहिए।



### राज्य बनाएं इस संबंध में नीति

सुप्रीम कोर्ट में दलित जज जस्टिस बीआर गवई ने अपने फैसले में कहा, "राज्यों को एससी/एसटी कैटगरी वर्ग के बीच क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण लाभ के दायरे से बाहर निकालने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। पीठ के दूसरे जज जस्टिस विक्रम नाथ ने इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए कहा कि जैसे ओबीसी कैटगरी पर क्रीमीलेयर सिद्धांत लागू होता है, उसी तरह SC/ST कैटगरी में भी लागू होना चाहिए।

### आरक्षण का लाभ सिर्फ एक पीढ़ी को मिले

वहीं, जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि आरक्षण का लाभ केवल एक पीढ़ी तक ही सीमित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पहली पीढ़ी का कोई सदस्य आरक्षण के माध्यम से उच्च पद पर पहुंच गया है, तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का हकदार नहीं होना चाहिए।

---

ओलंपिक में उपलब्धि... तीसरा मेडल झोली में

## स्वप्निल ने ओलंपिक डेब्यू के साथ ही जमाया ब्रॉन्ज पर कब्जा

- अब तक देश को मिले तीनों मेडल शूटिंग में ही हुए हासिल

**एजेंसी** | पेरिस

पेरिस ओलंपिक में बुधवार को भारत ने तीसरे मेडल पर कब्जा जमाया। इसमें 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन की मेंस कैटेगरी में शूटर स्वप्निल कुसाले ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्वप्निल ने कुल 451.4 अंक हासिल किए। बता दें कि इस बार के ओलंपिक में अब तक तीनों मेडल शूटिंग इवेंट्स में ही मिले हैं। स्वप्निल महाराष्ट्र के पुणे के रहने वाले हैं। 28 साल के स्वप्निल 2012 से इंटरनेशनल शूटिंग इवेंट्स में हिस्सा ले रहे हैं। पेरिस ओलंपिक-2024 में डेब्यू किया है। पहले ही ओलंपिक में स्वप्निल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। स्वप्निल के रोल मॉडल एमएस धोनी हैं। धोनी के शुरुआती दिनों की तरह स्वप्निल भी सेंट्रल रेलवे में टिकट कलेक्टर हैं। स्वप्निल भी धोनी की तरह ही शूटिंग रेंज में शांत रहते हैं। स्वप्निल की मां कंबलवाडी गांव की सरपंच हैं। पिता और भाई टीचर हैं।



### कुसाले एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में जीत चुके हैं गोल्ड

स्वप्निल कुसाले 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। वे 59वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गगन नारंग और चेन सिंह जैसे शूटर्स को हरा चुके हैं। मेडल जीतने के बाद स्वप्निल ने कहा, 'मुझे काफी खुशी हो रही है कि मैंने देश के लिए मेडल जीता। फाइनल के दौरान काफी नर्वस था, धड़कनें तेज हो गई थीं। स्वप्निल कुसाले ने 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था।

### इधर, सरबजोत वतन लौटे... जोरदार स्वागत


पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में मनु भाकर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले सरबजोत सिंह के देश लौटने पर नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उनका वेलकम करने के लिए जमकर ढोल-नगाड़े बजाए गए। इसके बाद मांडविया ने उनको सम्मानित भी किया। वहीं, हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉलिंग कर सरबजोत सिंह को बधाई दी है।

### बैडमिंटन में लक्ष्य का बड़ा कारनामा

पेरिस ओलंपिक 2024 में बैडमिंटन के प्री-क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन ने भारत के ही एचएस प्रणय को हराया। उन्होंने प्रणय के खिलाफ 21-12 और 21-6 से जीत दर्ज की है। लक्ष्य ओलंपिक के बैडमिंटन मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ तीसरे भारतीय हैं। उनसे पहले साल 2012 में पी. कश्यप और रियो ओलंपिक 2016 में किदांबी श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। अब लक्ष्य ने 8 साल बाद बड़ा कारनामा कर दिया है।

## जरूरी खबर

### आरटीडीसी की बंद इकाइयों को फिर करेंगे शुरू



**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि सरकार द्वारा राजस्थान पर्यटन विकास निगम की बंद पड़ी इकाइयों को दुबारा शुरू करने के लिए पुराने नियमों में संशोधन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लागू वर्ष 1997 के नियमों के तहत इन इकाइयों को ऑपरेशन्स एंड मेंटेनेंस के आधार पर संचालित करने का प्रावधान नहीं है। राज्य सरकार द्वारा इन नियमों में परिवर्तन करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सार्वजनिक निर्माण राज्यमंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का पर्यटन मंत्री की ओर से जवाब दे रही थीं।

### मंदिरों की जमीनों से हटाए जाएंगे अतिक्रमण

**जयपुर।** देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि देवस्थान विभाग जिला प्रशासन के सहयोग से मंदिरों की जमीनों से अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न समस्याओं के बाद भी विभाग ने लगातार अतिक्रमियों से देवस्थान भूमियों को अपने कब्जे में लेने की कार्यवाही की है। विभाग द्वारा 44 अतिक्रमणकारियों से 7.44 हेक्टेयर भूमि कब्जे में ली गई है। कुमावत शून्यकाल के दौरान लाड़पुरा विधायक कल्पना द्वारा ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए सवाल का जवाब दे रहे थे।

### UCC बिल लाने की तैयारी में भजनलाल सरकार




**जयपुर।** प्रदेश में भजन लाल सरकार समान नागरिकता संहिता विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। यह जानकारी सरकार ने विधानसभा में बीजेपी विधायक के सवाल के जवाब में दी। इसके अलावा सदन में पुरानी पेंशन योजना और किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के थानों में दर्ज मामलों समेत कई मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ ने समान नागरिकता संहिता विधेयक पर सरकार की मंशा जाननी चाही। इस पर विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि सरकार इस पर विचार कर रही है और उचित समय पर विधेयक सदन में पेश किया जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान पुरानी पेंशन योजना (OPS) को लेकर भी हंगामा हुआ।

# राज्यपाल बागड़े ने बिरला और केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात...

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े बुधवार को राज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे। इस दौरान राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। राज्यपाल की इन नेताओं से यह शिष्टाचार भेंट थी। बागड़े ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसी प्रकार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने संसदीय परंपराओ से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसी कड़ी में राज्यपाल ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से भी मुलाकात की। राज्यपाल की इन नेताओं से यह शिष्टाचार भेंट थी।



राज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद गुरुवार को पहुंचे दिल्ली





### राज्यपाल ने पदक जीतने पर स्वप्निल कुसाले को दी बधाई

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने पेरिस ओलंपिक-2024 की पुरुष 50 मीटर राइफल प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवांवित करने पर स्वप्निल कुसाले को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि यह संपूर्ण भारत के लिए गौरव के क्षण हैं।

## राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट-2024 जयपुर में 9 दिसंबर से

# औद्योगिक निवेश का बेहतर माहौल सुनिश्चित कर रही है सरकारः सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के आर्थिक विकास को नई ऊंचाई देने और राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार आगामी 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में इस संबंध में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस इन्वेस्टमेंट समिट का उद्देश्य देशी-विदेशी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को प्रदेश की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश का बेहतर माहौल के लिए हर संभव पहल कर रही है और इसी क्रम में आयोजित किए जा रहे इस निवेश सम्मेलन से प्रदेश के विकास के साथ रोजगार के भरपूर अवसर सृजित होंगे।

सीएम शर्मा ने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश में आने वाले निवेश को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए राज्य सरकार की ओर से निवेशकों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि निवेशकों को उनके द्वारा किए जाने वाले निवेश संबंधित क्षेत्र की सभी जानकारी पहले ही उपलब्ध करवाई जाए, ताकि उन्हें निवेश को धरातल पर मूर्तरूप देने में आसानी रहे। मुख्यमंत्री ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग व इस आयोजन से जुड़े समस्त स्टेक हॉल्डर्स को निर्देशित किया कि 'राइजिंग राजस्थान' निवेश शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी टीम भावना के साथ कार्य करें।

### निवेशकों को आकर्षित करने के लिए देश-विदेश में होंगे रोड शो

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दौरान 'राइजिंग राजस्थान' के लोगो को भी लॉन्च किया, ताकि उसकी देश और विदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण मंचों पर अलग ब्रांड आइडेंटिटी बन सके। 'राइजिंग राजस्थान'के तहत राज्य सरकार देश और विदेश के विभिन्न शहरों में निवेशक रोड शो भी करेगी।






### प्रदेश में 'सिंगल-प्वाइंट निवेशक इंटरफेस' लॉन्च

राजस्थान में निवेश करने के लिए इच्छुक निवेशकों के लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य सरकार के 'सिंगल-प्वाइंट निवेशक इंटरफेस'को भी लॉन्च किया, ताकि निवेशक सरकार के साथ आसानी से एमओयू कर सकें। इस 'सिंगल-प्वाइंट निवेशक इंटरफेस' प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेशक राज्य सरकार के साथ एमओयू के लिए अपनी मंशा ऑनलाइन जाहिर कर सकते हैं और उनके प्रस्तावों को मंजूरी भी ऑनलाइन दी जाएगी। इस पहल के लॉन्च किए जाने के तुरंत बाद 'राइजिंग राजस्थान' के आयोजन के लिए नोडल विभाग ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन को 8000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले।

### प्रदेश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत के उभरने से राजस्थान के लिए विकास के नए अवसर खुले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी डबल इंजन सरकार राज्य के विकास को एक नए युग में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके तहत, हमारा लक्ष्य अगले 5 वर्षों में राजस्थान को 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है। उन्होंने कहा कि हम पिछली सरकारों की तरह नहीं हैं जो इस तरह के सम्मेलन अपने कार्यकाल के अंतिम समय में आयोजित करती थी, ताकि हिसाब नहीं देना पड़े। हम चुनौतियों से घबराते नहीं हैं और इसलिए अपने कार्यकाल के पहले वर्ष में ही हम 'राइजिंग राजस्थान' निवेश सम्मेलन आयोजित करने जा रहे हैं।

### राजस्थान निवेशकों के लिए आदर्श प्रदेश

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि हमारे राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और इसलिए राजस्थान निवेशकों के लिए एक आदर्श प्रदेश है। 'राइजिंग राजस्थान' निवेश शिखर सम्मेलन के जरिए हम केवल एमओयू नहीं करना चाहते हैं, बल्कि राजस्थान में वास्तविक निवेश लाना चाहते हैं। ग्लोबल कंपनियों को राज्य में लाना, राज्य में अवस्थित प्रचुर खनिज और प्राकृतिक संसाधनों तथा प्रतिभाशाली वर्कफोर्स का लाभ उठाना, मौजूदा व्यवसायों को विकास के नए अवसर प्रदान करने जैसे कई लक्ष्यों का संधान करना इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य है, ताकि हमारे राज्य के युवाओं के लिए नित नए अवसर पैदा हों।

## विधानसभा में बोले मदन दिलावर

# बिना अनुमति पेड़ काटने के दोषी को किया जाएगा निलंबित

**बेधड़क** | जयपुर

पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि पंचायत समिति बामनवास परिसर के पेड़ों को बिना प्रशासन की अनुमति के काटने के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबित किया जाएगा।

दिलावर ने पंचायत समिति बामनवास की कुछ ग्राम पंचायतों द्वारा विभिन्न मदों में स्वीकृत कार्यों में अनियमितता की शिकायतों की भी एक महीने में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। दिलावर प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि बामनवास पंचायत समिति परिसर में पेड़ काटने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के बावजूद पेड़ों को काट दिया गया। चुरैल के 9 पेड़ काटे गए, सिरस के 7, नीम के 3, अरडू के 2 तथा शीशम के 1 पेड़ को बिना अनुमति के काटा गया है।

इससे पहले सदस्य इंद्रा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में पंचायतीराज मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि पंचायत समिति बामनवास द्वारा पंचायत समिति एवं अन्य मद में स्वीकृत कार्यों में से कुछ ग्राम पंचायतों में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी 1 माह में जांच करने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति बामनवास परिसर के पेड़ों की 60 हजार रुपए की राशि राजकोष में जमा हुई है।

# देवनानी ने किया आलेख संचयिका का विमोचन



**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को यहां विधानसभा में आलेख संचयिका का विमोचन किया। इसका प्रकाशन राजस्थान विधानसभा द्वारा किया गया है।

इस मासिक प्रकाशन में विभिन्न समाचार पत्रों एवं पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित तात्कालिक विषयों से संबंधित चयनित आलेखों का समावेश किया गया है। राजस्थान विधानसभा के सदस्यों के संदर्भ के लिए यह नवाचार किया गया है। विधायकों को संचयिका ई-मेल तथा वाट्सएप के माध्यम से भिजवाया जाएगा। मासिक आलेख संचयिका में संसद, विधानसभा, राजनीति, अर्थव्यवस्था, शिक्षा संस्कृति और प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित आलेखों का समावेश किया जाएगा। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक केके शर्मा और प्रमुख शोध एवं संदर्भ अधिकारी विनोद मिश्रा उपस्थित रहे।

## डोटासरा ने यमुना जल-ईआरसीपी पर सरकार को घेरा

# विधानसभा में पानी पर विशेष चर्चा में गूंजा JJM घोटाला

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा में गुरुवार का दिन पानी के नाम रहा। सदन में जलजीवन मिशन, ईआरसीपी और यमुना जल समझौतों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। सत्तारूढ़ दल ने जहां जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, वहीं कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ईआरसीपी और यमुना जल समझौते पर सरकार को घेरा। भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि जल जीवन मिशन का पैसा आया तो इनके (कांग्रेस के) समय में तत्कालीन मंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार का नंगा नाच हुआ और धीमी गति से काम हुआ। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीयत में खोट थी, इसलिए ईआरसीपी का समझौता नहीं किया। सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि पानी में जिस मंत्री ने गड़बड़ी की, वो आज सदन में नहीं है। उन्हें टिकट भी नहीं मिला। वो फेल हो गए। इस दौरान पीएचईडी की अलग से विजिलेंस विंग बनाने की भी मांग उठी।

फुलेरा विधायक विद्याधर चौधरी ने कहा कि जल जीवन मिशन बिना तथ्यों पर तैयार की गई योजना है। इसमें जितना पैसा केंद्र सरकार को देना था. उतना दिया ही नहीं फिर कहते हैं कि भ्रष्टाचार हो गया। किसने आपकी कलम पकड़ी है। आपके पास सीबीआई है, जांच कीजिए और जिन्होंने भ्रष्टाचार किया, उन पर कड़ी कार्रवाई कीजिए, लेकिन कार्रवाई के बजाए केवल ब्लैकमेल किया जा रहा है। दीप्ती किरण माहेश्वरी ने कहा कि जो भी नए भवन बने, उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करवाई जाए।



### यमुना जल समझौते से नहीं मिलेगा पानी

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यमुना जल समझौते से शेखावाटी के तीन जिलों को एक बूंद भी पानी नहीं मिलेगा। उन्होंने दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि यह दो पन्नों का एमओयू है। इसमें लिखा है कि चार महीने में डीपीआर बनेगी, छह महीने हो गए. आपकी डीपीआर कहां गई. जब तक हरियाणा अपना मूलभूत ढांचा खड़ा नहीं कर लेता, आपकी कोई डीपीआर नहीं बनेगी। जब तक हरियाणा को 24 हजार क्यूसेक पानी नहीं मिलेगा, तब तक राजस्थान के सीकर, चूरू झुंझुनूं को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। डोटासरा ने कहा कि ईआरसीपी में आप एक रुपया केंद्र सरकार से नहीं ला पाए, जब हम सरकार में थे तो हम टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे, जबकि आपने उसे अपने बजट में शामिल कर दिया। आपने ईआरसीपी में भी राजस्थान के हित मध्यप्रदेश में गिरवी रखे हैं। इसमें 3,921 एमसीएम पानी हमें मिलना था। आज हम जो समझौता करके आए हैं। उसमें 1775 के ऊपर 45 प्रतिशत पानी मिलेगा।

### विधानसभा में उठा JJM घोटाले का मुद्दा



**जयपुर।** सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी ने विधानसभा में क्षेत्र सांचौर में जल जीवन मिशन में हुए घोटाले की जांच को लेकर मांग रखी। चौधरी ने कहा कि सांचौर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व की सरकार ने जल जीवन मिशन का कार्य मैसर्स JCKC और मैसर्स GVPRL को दिया गया था, लेकिन दोनों कंपनियों ने सरकार के इशारों पर भाजपा विचारधारा के परिवारों को उक्त योजना के तहत नहीं जोड़ा गया। दोनों कंपनियों से लोकल फर्म को सब टेंडर दिलवा कर भारी अनियमिताएं की। उन्होंने कहा कि इस योजना से वंचित रहे गांव और ढाणियों को जल जीवन मिशन से जोड़कर वहां के लोगों को इसका फायदा पहुंचाया जाए।

बुधवार से शुरू हुई बरसात गुरुवार को भी दिन-रात बरसती रही

# पिंकसिटी पानी-पानी: बाजारों में बही नदी... बसों के पहिए थमे, तैरने लगी कारें

*बेधड़क. जयपुर। राजधानी में बुधवार से शुरू हुई बारिश का सिलसिला गुरुवार को भी दिनभर और रात को भी जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की सबसे तेज बारिश बुधवार रात को दर्ज की गई। भारी बारिश के चलते एयरपोर्ट के अलावा विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, कलेक्ट्रेट सर्किल, चार दीवारी और कुछ बाहरी क्षेत्रों में पानी भर गया। सीकर रोड एक बार फिर जलमग्न हो गया। चौमूं पुलिया से लेकर ढेहर का बालाजी और सीकर रोड पर कई इलाके जलमग्न हो गए। एक बार फिर इस इलाके में सड़कों पर कारें पानी में तैरती हुई नजर आई, तो रोडवेज बसों के पहिए जल भराव के कारण थम गए। बरसात के कहर से राजधानी का सबसे बड़ा अस्पताल और सचिवालय तक नहीं बच पाए। एसएमएस अस्पताल के मेडिकल आईसीयू तक में पानी घुस गया, वहीं सचिवालय की छत टपकने से कई फाइलें भीग गईं।*


सीकर रोड



एसएमएस अस्पताल

### SMS अस्पताल के मेडिकल आईसीयू में भरा पानी

जयपुर में हुई भारी बरसात का असर एसएमएस अस्पताल में भी देखने को मिला। बारिश के चलते एसएमएस अस्पताल के आईसीयू में फॉल सीलिंग गिर गई। इसके अलावा नॉर्थ और साउथ विंग के बेसमेंट के साथ ही अस्पताल के सेठिया और मेडिकल आईसीयू में भी पानी भर गया। साथ ही भवन से लेकर कार्डियोलॉजी टावर तक पानी भरने की समस्या देखी जा रही है, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से मड पंप लगाकर पानी की निकासी करने का कार्य शुरू किया गया।


### रैपिड रिस्पांस टीम गठित

राजधानी जयपुर में भारी बारिश की स्थिति को देखते हुए रैपिड रिस्पांस टीमों का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य जयपुर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ. नरोत्तम शर्मा का कहना है कि राजधानी में लगातार बारिश देखने को मिल रही है और इसे लेकर जयपुर मुख्यालय और जोन के सभी चिकित्सालयों को वर्षा जनित परेशानियों से निपटने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही अस्पतालों में इमरजेंसी सुविधाओं को अलर्ट मोड पर रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। वहीं, विभाग की ओर से कंट्रोल रूम को 24 घंटे कार्य करने के निर्देश जारी किए गए हैं।


सचिवालय

### सचिवालय में फाइलें भीगी, कंप्यूटरों में पानी घुसा

तेज बारिश ने सचिवालय के पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की पोल खोल दी है। सचिवालय के कई कमरों में छतों से पानी टपका, जिसकी वजह से कई महत्वपूर्ण फाइलें पानी में भीग गई। इतना ही नहीं कई कंप्यूटर में भी पानी भर गया और अधिकारियों के बैठने वाली कुर्सियां भी गीली हो गई, हालात यह है कि कई कमरों में तो जर्जर हो चुकी छत के प्लास्टर गिरने की कगार पर है। प्लास्टर गिरने के अंदेशे से कर्मचारी अपनी कुर्सी पर बैठने से भी डर रहे हैं।


मानसरोवर

### निगम आयुक्त सुराणा ने किया दौरा

बारिश के दौरान गुरुवार सुबह से ही सभी निगम अधिकारी फील्ड में हालातों का जायजा लेते रहे। इस दौरान हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा भी फील्ड में निकले। उन्होंने उन्होंने हेरिटेज निगम के चारों बाढ़ नियंत्रण कक्षों का निरीक्षण किया। साथ ही बाजारों से पानी के निकासी के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। परकोटे में चांदपोल, खजाने वालों का रास्ता, छोटी चौपड़ पर बारिश से सीवर जाम हो गई। इस पर किशनपोल जोन एक्सईएन योगेश कुमावत मौके पर पहुंचे और समस्या का निस्तारण करवाया।

### जामडोली में सड़क धंसी... स्कूली बच्चों को ले जा रही बस और वैन फंसी

बरसात के दौरान जामडोली में बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस और वैन सड़क धंसने से फंस गए। इस दौरान बच्चे बाल-बाल बच गए। धंसी गाड़ियों को निकालने के लिए मौके पर जेसीबी बुलाई गई तो जेसीबी भी रोड में धंस गई बाद में बड़ी मुश्किल से स्कूली बच्चों को निकाला गया।


चांदपोल बाजार

पार्किंग से परकोटे में जाने के लिए निशुल्क बस सेवा शुरू

## अब रामनिवास बाग में वाहन पार्क करो और फ्री बस से जाओ बाजार

**बेधड़क** | जयपुर

परकोटे के बाजार में आने वाले व्यापारियों और ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। रामनिवास बाग पार्किंग से मुफ्त बस शटल सेवा शुरू की गई है। जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (जेसीटीएसएल), जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) यातायात पुलिस और हेरिटेज नगर निगम ने इस सेवा को संयुक्त रूप से शुरू किया है। इस पहल के तहत प्रारंभ में छह बसें चलाई जा रही हैं। रामनिवास बाग में वाहन पार्क करने वाले लोगों को यह मुफ्त बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य चारदीवारी के बाजारों में आने वाले व्यापारियों और ग्राहकों को सुविधा प्रदान करना है।




### सुबह 9:30 बजे से रात 9:30 तक चलेंगी बसें

हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने सुरक्षा और व्यवस्था को संभालने के लिए गार्ड तैनात किए हैं। यह बसें सुबह 9:30 बजे से रात 9:30 बजे तक चलेंगी और हर 15 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होंगी। वाहन चालक अपनी गाड़ी को पार्किंग एरिया में खड़ी कर बस परिचालक को पार्किंग शुल्क की पर्ची दिखा निशुल्क यात्रा कर सकते हैं।



### दो रूट पर शुरू की गई फ्री बस सेवा

मिडी बसें दो रूटों पर संचालित होंगी। पहले रूट में बसें रामनिवास बाग से अजमेरी गेट, किशनपोल बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल, त्रिपोलिया गेट और चौड़ा रास्ता होते हुए रामनिवास बाग लौटेंगी। दूसरे रूट में बसें रामनिवास बाग पार्किंग से सांगानेरी गेट, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार और चौड़ा रास्ता होते हुए रामनिवास बाग वापस आएंगी।

## जरूरी खबर

### सांवलियाजी मंदिर की भोजनशाला का उद्घाटन



**चित्तौड़गढ़।** श्री सांवलियाजी मंदिर की ओर से निर्मित भोजनशाला का गुरुवार को जिला कलेक्टर तथा मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष ने वैदिक मंत्रोचार के साथ मोलीबंद खोल कर शुभारंभ किया। लंबे इंतजार के बाद इस भोजनशाला की शुरुआत हो पाई है, जबकि इसे तैयार हुए काफी समय हो गया था। सांवलियाजी में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इस भोजनशाला का निर्माण किया गया है। यहां करीब 1500 श्रद्धालु एक साथ भोजन कर सकेंगे।

### राशन डीलर्स ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**जोधपुर।** प्रदेश के राशन डीलरों ने गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर भजनलाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला दिया। हड़ताल के कारण राशन की दुकानों के ताले भी नहीं खुले। इससे खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाले राशन गेहूं के वितरण पर संकट छा गया है। दरअसल राशन डीलर्स ने हर महीने तीस हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय, दो प्रतिशत छीजत स्वीकार करने या दो हजार रुपए प्रतिमाह बोनस देने की मांग की है। इसके साथ ही सरकार आधार सीडिंग की राशि प्रवासी योजना के तहत वितरण कराए गए गेहूं का कमीशन और ई-केवाईसी का सीडिंग का मेहनताना भी दिया जाए।

### सूरतगढ़ मिलिट्री स्टेशन में सैन्य प्रदर्शनी 3 को



**जयपुर।** छात्र छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए 'अपनी सेना को जानें' अभियान के तहत 'वेलर इन प्लेंटी' ब्रिगेड की ओर से सूरतगढ़ सैन्य छावनी, परेड स्थल में 3 अगस्त को सैन्य उपकरण और सैन्य बैंड प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि इसमें सैन्य हथियारों और उपकरणों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें इंफेंट्री के हथियार, तोपें, मैकेनाइज्ड इंफेंट्री के वाहन तथा आर्मी टैंक भी शामिल होंगे। प्रदर्शनी में छात्र एवं नौजवानों को सेना में शामिल होने के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा अग्निवीर योजना और सेना में अधिकारी बनाने के विविध अवसरों के बारे में मार्गदर्शन किया जाएगा।

---

## JNVU में एनएसयूआई और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कुलपति कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

# छात्रों के प्रदर्शन के बाद कुलपति का ऐलान, बढ़ी फीस होगी वापस

**बेधड़क** | जोधपुर

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अपनी-अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें खास तौर से फीस बढ़ोतरी वापस लेने और छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग की गई।

इसको लेकर घंटों तक दोनों संगठनों के छात्र प्रदर्शन करते रहे। अंतत कुलपति ने इस बात के संकेत दिए कि छात्रों की मांग को देखते हुए बढ़ी हुई फीस वापस ली जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए कमेटी बना दी गई है। कुलपति डॉ. केएल श्रीवास्तव ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत अब साल में दो बार परीक्षा



होगी। ऐसे में साल में दो बार परीक्षा शुल्क लगेगा। इसके अतिरिक्त विगत 10 साल में किसी तरह की फीस में बढ़ोतरी नहीं की गई है। कुलपति ने कहा कि छात्रों को इस बात का सिर्फ भ्रम है कि यह सभी पर लागू है, जबकि ऐसा नहीं है।

सिर्फ पांच फीसदी नए विद्यार्थियों के लिए यह लागू हुआ है। इसमें भी हम कमी करने का निर्णय ले चुके हैं। इससे पहले एनएसयूआई और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कुलपति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

कई देर प्रदर्शन के बाद जब कुलपति प्रो केएल श्रीवास्तव कार्यालय पहुंचे तो पहले एनएसयूआई के कार्यकर्ता गाड़ी के आगे लेट गए और उसके बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने गाड़ी का घेराव कर लिया। करीब 2 घंटे तक छात्रों का यह प्रदर्शन जारी रहा।

### चुनाव पर निर्णय सरकार करेगी

छात्रों की छात्रसंघ चुनाव की मांग पर कुलपति ने कहा कि यह सरकार का निर्णय हैं। हमने संगठनों से मिले ज्ञापन को गर्वनर हाउस भेज दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने इसको लेकर एक कमेटी बनाई है। उसके आधार पर निर्णय होगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले गत वर्ष सभी कुलपतियों की बैठक में यह निर्णय हुआ था कि नई शिक्षा नीति में साल में दो बार परीक्षा होगी तो 15 से 20 दिन चुनाव के लिए जाया नहीं कर सकते, इसलिए चुनाव नहीं करवाए गए थे। अगर चुनाव होते हैं तो वे आराम से करवाएंगे।

---

## बांध से छोड़ा गया 3 हजार क्यूसेक पानी

# मूसलाधार बारिश के बाद खोले गए पांचना बांध के तीन गेट

**बेधड़क** | भरतपुर

■ उफान पर गंभीर नदी, बयाना एवं रूपवास तहसील के दो दर्जन गांवों में अलर्ट

भरतपुर संभाग के करौली जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद पांचना बांध में लगातार पानी की आवक को देखते बांध के तीन गेट खोलकर गंभीर नदी में 3 हजार क्यूसेक पानी की निकासी शुरू की गई है। मूसलाधार बारिश के चलते करौली शहर के कई क्षेत्रों में फिर पानी भर गया। इस दौरान सर्वाधिक बारिश करौली के पांचना बांध पर 181 एमएम और करौली शहर में 157 एमएम बारिश दर्ज की गई।

मानसून की अच्छी बारिश के कारण करौली जिले से निकलने वाली गंभीर नदी में पांचना बांध से तीन गेट खोलकर 3 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके चलते जिले के बयाना एवं रूपवास तहसील के गंभीर नदी के तटीय क्षेत्र में बसे करीब दो दर्जन गांवों में चेतावनी जारी की गई है। गांवों के लोगों को नदी के बहाव क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की गई है। घना को अभी भी पानी नहीं मिल पाएगा, जब तक पांचना बांध से 10 हजार क्यूसेक पानी नहीं छोड़ा जाएगा, तब तक घना प्यासा ही रहेगा। पांचना बांध से पानी छोड़े जाने के चलते जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि गंभीर नदी में पांचना बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे गांवों के नागरिकों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित गांवों में स्थानीय पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों को सूचित कर पानी के तेज बहाव को देखते हुए नदी के बहाव क्षेत्र में नहीं जाने के लिए पाबंद किया गया है। कलेक्टर ने गंभीर नदी में पांचना बांध से पानी छोड़े जाने को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम, जल संसाधन विभाग, पंचायतीराज विभाग, चिकित्सा विभाग एवं उपखंड प्रशासन रूपवास एवं बयाना को मय आवश्यक संसाधनों के अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।



### इन गांवों में चेतावनी

अधीक्षण अभियंता जल संसाधन देवीसिंह बेनिवाल ने बताया कि गंभीर नदी में पानी की अधिक आवक होने पर तहसील बयाना के चीखरू, पीपरिया, धुरेरी, मावली, महरावर, नहरौली, चक बीछी, सिंघाड़ा, शीदपुर, नदी का गांव प्रभावित होंगे। साथ ही तहसील रूपवास में दाहिना गांव, महलपुर काछी, मुर्रिका, कांधौली, दौलतगढ़, सिकरौदा, पिचूना, रसीलपुर, मिल्सवां, देवरी, पांड्री, मैरथा गांव प्रभावित होंगे।

### घना अभी भी प्यासा

घना निदेशक मानस सिंह ने बताया कि फिलहाल पांचना बांध से 3 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो कि 200 एमसीएफटी पानी होता है। जब तक बांध से 10 हजार एमसीएफटी पानी नहीं छोड़ा जाएगा, तब तक घना को पानी नहीं मिल पाएगा। हमने प्रशासन से घना के लिए 500 एमसीएफटी पानी की मांग की है, लेकिन 250 एमसीएफटी पानी भी मिले तो पर्यटन सीजन के लिए पर्याप्त रहेगा। निदेशक मानस सिंह ने बताया कि हम लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं। उम्मीद है कि घना को भी जल्द पानी मिल सकेगा।

## दो युवक सहित एक युवती की तलाश जारी

# संतुलन बिगड़ने से बाइक सहित नदी में गिरे 3 लोग

**झालावाड़।** जिले के मंडावर थाना क्षेत्र में गागरोन किले के समीप स्थित कालीसिंध की पुलिया की रपट पर बाइक सवार दो युवक एवं एक युवती संतुलन बिगड़ने के कारण नदी में जा गिरे। सूचना के बाद मंडावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची व एसडीआरएफ टीम को सूचित कर मौके पर बुलाया गया। फिलहाल एसडीआरएफ टीम नदी में डूबे तीनों लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है।

मंडावर थाना प्रभारी महावीर ने तीन लोगों की रपट से गिरकर नदी में बहने की पुष्टि की है।



मामले में जानकारी देते हुए मंडावर थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र की कालीसिंध नदी की पुलिया पर संतुलन बिगड़ने से बाइक सवार तीन लोगों के नदी में बहने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ टीम को बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ टीम ने नदी में डूबी हुई बाइक को बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल नदी में बहे युवकों में से सारोला के बरेडी गांव निवासी मनीष गुर्जर की पहचान हो चुकी है। मनीष गुर्जर के साथ एक अन्य युवक व युवती के भी बहने की सूचना है। उनकी पहचान फिलहाल नहीं की जा सकी है।

---

## ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम

# बस ने कांवड़ियों को मारी टक्कर, एक की मौत

**बेधड़क** | अलवर

जिले के मालाखेड़ा कस्बे के कलसाड़ा मोड़ स्थित होटल के पास गुरुवार अल सुबह 4 बजे रोडवेज बस ने 2 कांवड़ियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक कांवड़िए की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। हादसे के बाद चालक बस को लेकर मौके से फरार हो गया।

इस घटना के बाद ग्रामीणों ने कांवड़ियों के साथ मिलकर रास्ते को जाम कर दिया। मौके पर मौजूद एक कांवड़िए ने बताया कि घटना सुबह 4 बजे की है, जब दोनों कांवड़िए शिविर की ओर लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क पर बनी सफेद पट्टी से नीचे उतर गई और दोनों कांवड़ियों को टक्कर मार दी। इसमें बरखेड़ा निवासी कावड़िए मुरारी चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई और राजवीर चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मौजूद लोगों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की। इसके बाद ही शव उठाने की बात कही। जानकारी के अनुसार मृतक दूसरी बार गंगोत्री से कांवड़ लेकर आ रहा था, इस दौरान सड़क हादसा हो गया।



### ग्रामीणों ने सात घंटे रोड किया जाम

इस घटना का पता लगते ही स्थानीय लोग भी कांवड़ियों के शिविर के पास पहुंचे और कांवड़ियों को साथ लेकर रोड जाम कर दिया। इसके चलते इस मार्ग से निकलने वाले वाहनों को काफी परेशानी हुई। ग्रामीणों का आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने रूट को डायवर्ट कर दिया गया। करीब 7 घंटे बाद अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद कांवड़ियों व ग्रामीणों ने रास्ते को खोल दिया। एएसपी ग्रामीण प्रियंका श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से एक करोड़ रुपए की मुआवजे की मांग की गई है।

## एक ही दुपट्टे से फंदा लगाकर दी जान

# 2 भाइयों ने किया सुसाइड

**दौसा।** दौसा में दो भाइयों के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। दोनों भाइयों ने एक ही फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। गांव से कुछ दूर चारागाह की जमीन पर बनी झोपड़ी में एक भाई का शव फर्श पर पड़ा मिला जबकि दूसरा चारपाई पर था। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

रामगढ़ थानाधिकारी बुद्धि प्रसाद ने बताया कि गुरुवार सुबह 10 बजे सूचना मिली कि जगनेर तुर्कान गांव से कुछ दूर झोपड़ी में दो भाई बेहोश पड़े हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। भूराराम (19) जमीन और उसका बड़ा भाई कालूराम (22) चारपाई पर पड़ा हुआ था। फंदा लगाने से दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों भाइयों ने फंदे से लटक कर सुसाइड किया है।

मृतकों के शव रामगढ़ पचवारा सीएचसी की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिए हैं। दोनों अविवाहित थे। उनकी मां का निधन कुछ साल पहले हो गया था। दोनों जयपुर में रहकर मजदूरी करते थे। चार-पांच दिन पहले ही दोनों जयपुर से लौटे थे।

---

## चार राज्यों में चोरी, लूट, डकैती की 50 वारदातें कबूली

# पारदी गैंग के 4 बदमाश अरेस्ट... वारदात से पहले करते थे कुलदेवी की पूजा

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

जिले की कपासन थाना पुलिस एवं साइबर सेल की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश की अंतरराज्यीय पारदी गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी से 20 जुलाई को थाना क्षेत्र निवासी दो न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर दिनदहाड़े हुई नकबजनी की वारदात सहित मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा व राजस्थान में इनके द्वारा की गई 50 से अधिक वारदातें खुली हैं।

पुलिस में उनके पास से न्यायिक मजिस्ट्रेट के घर से चुराए गए 17 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व कीमती घड़ियां एवं घटना में प्रयुक्त एक वैगनआर कार बरामद की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है। खास बात ये हैं कि इस गैंग के लोग वारदात से पहले कुलदेवी



की पूजा करते हैं। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि 20 जुलाई को कपासन निवासी न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सोलंकी के आवास का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अलमारी से 20 तोले सोने एवं चांदी की जेवरात, 10 ब्रांडेड घड़ियां एवं निष्ठा पांडे के आवास से सोने चांदी के जेवरात में दो कीमती घड़ियां चुरा ले गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए वारदात के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह व सीओ अनिल सारण के सुपरविजन एवं एसएचओ रतन सिंह के नेतृत्व में थाना कपासन व साइबर सेल की टीम गठित की गई।

### पहचान के लिए खंगाले 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज

पुलिस टीम द्वारा वारदात स्थल का मौका मुआयना कर तकनीकी डाटा व तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। घटना स्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी खंगाल रूट मैप तैयार किया गया। इसके आधार पर रूट में आने वाले टोल प्लाजा वगैरह के करीब 200 जगह के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर आरोपियों को नामजद कर उनके बारे में सूचना प्राप्त की। इस गिरोह के सदस्य घटना के बाद अपने ठिकाने बदल लेते हैं और कहीं भी झुग्गी लगाकर रहने लग जाते हैं। इस कारण इन्हें पकड़ना बड़ा मुश्किल था।

### 17 लाख कीमत के आभूषण, घड़ियां और कार जब्त

पुलिस टीम ने गिरोह के सदस्य सचिन पुत्र साई सिंह (32) निवासी एहसान नगर झुग्गी नम्बर 13 थाना निशातपुरा भोपाल हाल रूनाह थाना नजीराबाद भोपाल, पपुन पुत्र सहीस राज (28) निवासी डोडी थाना जावर जिला सिहोर, रूपनारायण पुत्र सज्जन सिंह (28) एवं रामबाबू पुत्र अमरलाल (30) निवासी दोराह थाना दोराह (जिला सिहोर) मध्यप्रदेश को भोपाल, सीहोर व राजगढ़ जिले के अलग-अलग स्थान से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास से चोरी 20 तोला सोने व ढाई सौ ग्राम चांदी के जेवरात एवं कीमती ब्रांडेड घड़ियां बरामद की गई, जिनकी कीमत 17 लाख से अधिक है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक वैगनआर कार भी जप्त की गई है।

### रैकी के बाद देते थे वारदात को अंजाम

इस गिरोह के सदस्य मुख्य मार्ग व नाकाबंदी पॉइंट से बचते हुए ग्रामीण इलाकों के कच्चे रास्तों से अपने गंतव्य पर पहुंच वारदात करते हैं। घटना के समय गृह स्वामी या किसी के आने पर उसे मारने से भी नहीं चूकते। घटना से एक दो महीने पहले ही रैकी कर टारगेट चुन लेते हैं। एक टीम घटना स्थल से कुछ दूर पहले खड़ी गाड़ी में बैठकर निगाह रखती है, दूसरी टीम पैदल पैदल वारदात स्थल पर पहुंचती है। ये वारदात से पहले घर में घुसकर अपने कुलदेवी को याद कर पूजा के बाद घटना को अंजाम देते हैं।

### आरोपियों द्वारा कबूली कई वारदातें

गिरफ्तार आरापियों ने चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन में 2 व शंभूपुरा में 1 कुल तीन वारदातें, भीलवाड़ा जिलें में तीन वारदातें, जयपुर, सिरोही, राजसमन्द, झालावाड, बूंदी, बारां, टोंक व पाली जिले में दो-दो वारदातें तथा जोधपुर, नागौर, दौसा, कोटा, सीकर, अजमेर, चूरू, अजमेर व बीकानेर जिले में एक-एक वारदात करना कबूली है। इनके अतिरिक्त पारदी गैंग के गिरफ्तार आरोपियों ने मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व गोवा में भी नकबजनी, डकैती व चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। गिरोह ने महाराष्ट्र में रतनागिरी, अमरावती, व लातुर जैसे प्रमुख शहरों में भी डकैती की वारदातें की हैं।

## इक्वाडोर के गेब्रियल को हराया

# स्टार बॉक्सर निशांत देव पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी । पेरिस (फ्रांस)



भारत के स्टार बॉक्सर निशांत देव ने शानदार खेल का प्रदर्शन रते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पुरुषों के 71 किग्रा राउंड ऑफ 16 मुकाबले में इक्वाडोर के 7वें वरीय जोस गेब्रियल रोड्रिग्ज टेनोरियो को हराया।

इस कड़े मुकाबले को निशांत ने 3-2 से अपने नाम किया। निशांत को पहले दौर में बाई मिली थी। निशांत ने मुकाबले में शुरू में ही अपना दबदबा बनाया और पहले राउंड में 4 जजों से 10 प्वाइंट्स हासिल किए। दूसरे राउंड में भी यह सिलसिला जारी रहा। पैन अमेरिकन गेम्स के रजत पदक विजेता इक्वाडोर के मुक्केबाज ने शुरुआती दो राउंड गंवा दिए। हालांकि उन्होंने तीसरा राउंड जीतने के लिए वापसी की, प्रतिद्वंदी मुक्केबाज ने तीसरे राउंड में वापसी की जिसमें निशांत को महज 1 जज से 10 अंक मिला और निशांत देव ने रोमांचक मुकाबले में विभाजित फैसले से जीत हासिल कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

### पदक से सिर्फ 1 जीत दूर

अपने डेब्यू ओलंपिक में खेल रहे दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन निशांत देव ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और ओलंपिक में अपना पहला पदक पक्का करने से अब वह सिर्फ एक जीत दूर हैं। पिछले साल चीन में आयोजित हुए एशियाई खेलों में, भारतीय मुक्केबाज निशांत देव को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

## मुक्केबाज निखत हुई ओलंपिक से बाहर



पेरिस (फ्रांस)। पेरिस ओलंपिक 2024 में गुरुवार को भारत को बड़ा झटका लगा है। भारत की स्टार बॉक्सर निकहत जरीन प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई हैं। भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा राउंड ऑफ 16 मुकाबले में चीन की वू यू से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही जरीन का अपने मेडन ओलंपिक में अभियान समाप्त हो गया। निकहत जरीन का ओलंपिक अभियान समाप्त

भारत के 140 करोड़ देशवासियों को निकहत जरीन से पेरिस में जीत की उम्मीद थी। लेकिन वह चीनी मुक्केबाज से हारकर पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गईं। पहली वरीयता प्राप्त चीन की वू यू ने आक्रमण अंदाज में शुरुआत की पहले राउंड में ही वह पूरी तरह से जरीन के ऊपर हावी रहीं। हालांकि, दो बार की विश्व चैंपियन भारत की निकहत जरीन ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की, लेकिन चीनी मुक्केबाज ने राउंड जीत लिया।




# गोल्फर दीक्षा डागर का पेरिस में एक्सिडेंट, मुकाबला 7 को

दिल्ली। ओलंपिक में भाग लेने वाली भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर दुर्घटना में घायल हो गई हैं, लेकिन उनकी हालत ठीक है और वे तय कार्यक्रम के अनुसार अपनी स्पर्धा में भाग ले सकेंगी।

दीक्षा अपने पिता और कैडी कर्नल नरेन डागर, उनकी मां और भाई के साथ कार में सफर कर रही थी, जिसे मंगलवार रात इंडिया हाउस में एक समारोह से लौटते समय एक अन्य वाहन ने टक्कर मार दी। कर्नल डागर के अनुसार, दीक्षा ठीक हैं और 7 अगस्त से तय कार्यक्रम के अनुसार स्पर्धा में भाग लेंगी और अभ्यास के लिए भी जा रही हैं। हालांकि, दीक्षा की मां को रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के संदेह के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्हें उपचार के लिए अगले कुछ दिनों तक अस्पताल में रहना होगा। आगे की जांच और निदान के बाद ही पता चलेगा कि यह कितना गंभीर है। बता दें कि यह दीक्षा का दूसरा ओलंपिक खेल है और महिलाओं की प्रतियोगिता 7 अगस्त से शुरू होकर 10 अगस्त तक चलेगी। गुरुवार को पुरुषों की प्रतियोगिता शुरू हुई, जिसमें भारत के लिए शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर खेलेंगे।

## हर गांव में तैयार होते हैं खिलाड़ी, इस बार पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के 23 खिलाड़ी मैदान में

# पदक दिलाने में 33% हरियाणा का योगदान



चंडीगढ़। हरियाणा अपने इतिहास को लेकर पूरे भारत में जाना जाता है। इस राज्य की आबादी पूरे देश की दो प्रतिशत है, लेकिन ओलंपिक में इस राज्य का काफी दबदबा है। भारत के जितने भी खिलाड़ी ओलंपिक में भाग लेते हैं, उनमें से 33 फीसदी हरियाणा का ही होता है। बता दें कि देश को पदक जिताने में हरियाणा राज्य का बड़ा योगदान रहा है। साल 2000 सिडनी ओलंपिक में कर्णम मल्लेश्वरी ने भारत के लिए कांस्य पदक जीता था। तब से हरियाणा सुर्खियों में आ गया है। उसके बाद लगातार हरियाणा कई पदक जीतते गया है और सुर्खियों में बना रहा। साल 2008 के बीजिंग ओलंपिक में मुक्केबाज विजेंद्र सिंह जीते थे।

### अब तक 130 खिलाड़ियों ने लिया भाग

बता दें कि इस समय में पेरिस ओलंपिक में हरियाणा के 23 खिलाड़ी मैदान में उतरे हैं, जिससे देश को पदकों में और वृद्धि होने की आशा है। अब तक हरियाणा के दो खिलाड़ी मनु भाकर और सरबजोत सिंह कांस्य पदक जीत चुके हैं। यानी हरियाणा के खिलाड़ी अब तक देश को कुल 13 पदक जीतकर दिला चुके हैं।

### क्यों रहती है पूरी दुनिया की नजर

बता दें कि हरियाणा के खिलाड़ी वैश्विक मंच ओलंपिक पर तकरीबन 20 वर्षों से कीर्ति-पताका फहरा रहे हैं। पदक की शुरुआत सिडनी ओलंपिक से हुई थी। तब से देश-दुनिया की नजरें हरियाणा की खेल प्रतिभाओं के प्रति आशावान बनी रहती है। अब देखना है कि हरियाणा इस साल पेरिस में हो रहे ओलंपिक में कितने मेडल देश को दिला सकता है।

## टूटी उम्मीद, पीवी सिंधू ने किया निराश



पेरिस (फ्रांस): भारत के स्टार बॉक्सर निशांत देव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पुरुषों के 71 किग्रा राउंड ऑफ 16 मुकाबले में इक्वाडोर के 7वें वरीय जोस गेब्रियल रोड्रिग्ज टेनोरियो को हराया. इस कड़े मुकाबले को निशांत ने 3-2 से निशांत को पहले दौर में बाई मिली थी. निशांत ने मुकाबले में शुरू में ही अपना दबदबा बनाया और पहले राउंड में 4 जजों से 10 प्वाइंट्स हासिल किए. दूसरे राउंड में भी यह सिलसिला जारी रहा। पैन अमेरिकन गेम्स के रजत पदक विजेता इक्वाडोर के मुक्केबाज ने शुरुआती दो राउंड गंवा दिए. हालांकि उन्होंने तीसरा राउंड जीतने के लिए वापसी की, प्रतिद्वंदी मुक्केबाज ने तीसरे राउंड में वापसी की जिसमें निशांत को महज 1 जज से 10 अंक मिला ।

## Yuva स्टोरीज



### आईआईएस में सिविल सेवा सर्विस के लिए जिज्ञासा कक्षाएं शुरू

जयपुर। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के सेंटर फोर प्रिपेरैटरी क्लासेज ने गाइरस सुल्कस के सहयोग से यहां सिविल सर्विस सेवा की तैयारी के लिए जिज्ञासा कक्षाएं शुरू की हैं। गौरतलब है कि इस यूनिवर्सिटी में साल 2013 से चल रहीं इन कक्षाओं का सक्सेसफुल रिजल्ट रहा है। इस मौके पर यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता भी मौजूद रहीं। सेंटर फोर प्रिपेरैटरी क्लासेज की हेड रिद्धसिद्ध सिंह ने बताया कि इन कक्षाओं की खासियत यह है कि छात्र स्नातक की पढ़ाई के साथ-साथ सिविल सेवा की तैयारी कर सकते हैं। यह एकीकृत प्रारंभिक-सह-मुख्य पाठ्यक्रम है। रोजाना दोपहर 3.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलने वाली इन कक्षाओं में आईएएस टॉपर्स के मोटिवेशनल टॉक्स, फेकल्टी एक्सपर्ट्स का मार्गदर्शन, विश्लेषणात्मक कौशल और भाषाई क्षमता को बढ़ाने समेत अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट सीरीज, उत्तर लेखन अभ्यास और मॉक इंटरव्यूज आदि हरेक स्टूडेंट्स के लिए काफी उपयोगी होते हैं।



### एमजेआरपी विवि की छात्रा मोहिनी सिंह ने शूटिंग में जीता सिल्वर मेडल

जयपुर। महात्मा ज्योति राव फूले यूनिवर्सिटी की बीपीटी प्रथम वर्ष की छात्रा मोहिनी सिंह ने स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल्स जीता है। यह सिल्वर पदक जगतपुरा शूटिंग रेंज में आयोजित 22वीं राजस्थान स्टेट चैंपियनशिप में 50 मीटर फ्री पिस्टल जूनियर वूमेन इवेंट में जीता है। हाल ही आयोजित 15 दिवसीय इस शूटिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के 5000 से अधिक शूटर्स ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने मोहिनी को बधाई दी। उन्होंने मोहिनी को 9—10 अगस्त को दिल्ली में होने वाली इंडियन टीम ट्रायल में कामयाबी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पहले मोहिनी सिंह ने पश्चिमी बंगाल में 32वीं ऑल इंडिया जीबी भावलंकर प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप (पिस्टल )2023 दस मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मोहिनी ने चतुर्थ महावीर टॉप शॉट शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि मोहिनी ने मेरठ और अध्योध्या में आयोजित ओपन टूनामेंट में भी गोल्ड मेडल मिला है।

## पेपर लीक को रोकने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड की तैयारी

# टीबीटी के जरिए रोकेंगे नकल

बेधड़क । जयपुर








प्रदेश में पेपर लीक की समस्या से निपटने के लिए अब राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड डिजिटल तरीके अपनाने जा रहा है। इसके लिए बोर्ड ने कमर कस ली है। बोर्ड की ओर से कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती में कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट लिया जाएगा। बोर्ड की प्लानिंग है कि आगामी दिनों में बड़ी भर्ती परीक्षाओं में भी तकनीक का सहारा लेते हुए एग्जाम कराया जाए। इसके लिए बोर्ड अब टैबलेट बेस्ड टेस्ट कराने की भी प्लानिंग कर रहा है।

बीते सालों में राजस्थान में एक के बाद एक पेपर लीक के कई मामले सामने आए। एग्जाम के दौरान इंटरनेट बैन करने और अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति दर्ज कराने जैसे कदम उठाने के बावजूद पेपर लीक जैसी समस्या पर नकेल नहीं कसी। लाइब्रेरियन भर्ती, जेईएन सिविल, रीट लेवल-II, कांस्टेबल भर्ती, एसआई भर्ती, सीएचओ, वनरक्षक और सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती जैसी बड़ी परीक्षाओं में पेपर लीक होने के बाद अभ्यर्थियों में भारी रोष भी देखने को मिला। हालांकि, अब पेपर लीक जैसी बीमारी का उपचार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने निकाला है। बोर्ड अब आगामी बड़ी भर्ती परीक्षाओं के लिए टीबीटी यानी टैबलेट बेस्ड टेस्ट कराने की प्लानिंग कर रहा है।

### परीक्षा में न पेपर, न कंप्यूटर

कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि प्रदेश में कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट केवल 20 हजार अभ्यर्थियों के ही कराए जा सकते हैं, लेकिन उसमें भी जो कंप्यूटर सेंटर्स हैं, उनकी क्रेडिबिलिटी कम है। पारदर्शिता के नजरिए से कैपेसिटी घटकर महज 3000 से 4000 रह जाती है। ऐसे में फिलहाल कनिष्ठ अनुदेशक जैसे कम अभ्यर्थियों वाली परीक्षाएं सीबीटी मोड पर कराई जाएगी, लेकिन जल्द टैबलेट बेस्ड टेस्ट यानी टीबीटी के जरिए परीक्षा कराने की प्लानिंग की जा रही है। इस संबंध में कुछ कंपनियों से बातचीत चल रही है, इसके तहत परीक्षाएं सरकारी स्कूलों में ही कराई जाएंगी, लेकिन छात्रों को न तो पेपर दिया जाएगा और न ही कंप्यूटर लगाए जाएंगे, बल्कि इसकी जगह डिजिटल प्रणाली अपनाते हुए टैबलेट वितरित किए जाएंगे।


### मिट जाएगी पेपर लीक की समस्या

उन्होंने बताया कि इसी टैबलेट पर पेपर आएगा और फिर अभ्यर्थी अपना आंसर ओएमआर शीट पर देगा। इससे पेपर लीक की समस्या भी हल होगी और बड़ी परीक्षाएं भी आयोजित कराई जा सकेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस टेस्ट में किसी भी पर्यवेक्षक पर डिपेंड नहीं रहेंगे, क्योंकि हर पर्यवेक्षक टेक्नोलॉजी फ्रेंडली हो ये जरूरी नहीं, इसलिए जो भी टैबलेट होंगे उसमें इस तरह का सिस्टम इंस्टॉल किया जाएगा कि वो किसी और मोड पर काम ही ना करें।

## 8 दिसंबर को होगी प्रवेश परीक्षा

# ऑल इंडिया लॉ एंट्रेंस टेस्ट के पंजीकरण शुरू

बेधड़क । नई दिल्ली




नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली ने गुरुवार से ऑल इंडिया लॉ एंट्रेंस टेस्ट 2025 (AILET 2025) के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट nludelhi.ac.in के माध्यम से एआईएलईटी 2025 आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। शेड्यूल के अनुसार, ऑल इंडिया लॉ एंट्रेंस टेस्ट 2025 का आयोजन 8 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

एआईएलईटी एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन पांच वर्षीय बैचरल ऑफ ऑर्ट्स एवं बैचरल ऑफ लॉ (BA LLB) (ऑनर्स), मास्टर ऑफ लॉ (LLM) और डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (PhD) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए किया जाता है। संस्थान इस साल से बैचलर्स ऑफ कॉमर्स - बैचलर ऑफ लॉ (BCom-LLB) पाठ्यक्रम भी शुरू करेगा। आधिकारिक नोटिस में कहा गया कि, "यदि किसी संस्थान को 8 दिसंबर 2024 को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक इस परीक्षा के आयोजन में परेशानी हो रही है, तो वे 3 जून तक मेल आईडी registrar@nludelhi.ac.in पर तिथि परिवर्तन के लिए अपना अनुरोध कर सकते हैं।"

एआईएलईटी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से बीकॉम-एलएलबी की कुल 60 रिक्त सीटों पर योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। जिसमें से सामान्य श्रेणी के लिए 22 सीटें, ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर के लिए 11 सीटें, एससी के लिए 8 सीटें, एसटी के लिए 4 सीटें और ईडब्ल्यूएस के लिए 5 सीटें आरक्षित हैं।

**प्रोग्राम** | एसआरएन इंटरनेशनल स्कूल में मनाया मैंगो मेनिया डे

# एसआरएन स्कूल में स्टूडेंट्स ने किया मैंगो रैंप वॉक और दी स्पीच

बेधड़क । जयपुर



जयपुर। राजधानी के जगतपुरा स्थित एस आर एन इन्टरनेशनल स्कूल में 'मैंगो डे' के तहत "मैंगो मेनिया" मनाया गया। इसमें कक्षा प्रथम से पांचवीं तक के सीबीएसई व केम्ब्रिज बोर्ड के बच्चों ने बड़े ही उत्साह से भाग लेकर उत्साह और सीख का फायदा उठाया।

कक्षा-प्रथम व द्वितीय के विद्यार्थियों ने मैंगो रैंप वॉक और भाषण के दौरान अपनी रचनात्मकता से सभी को चौंकाया। इसमें प्रत्येक विद्यार्थी आम की थीम वाली पौशाक पहनकर कक्षा रनवें पर अपनी अनूठी कृतियों को गर्व से प्रदर्शित किया। बच्चों ने अपने ज्ञान कौशल के द्वारा सभी को प्रभावित किया। साथ ही अपने छोटे-छोटे भाषणों में आम के बारे में रोचक जानकारी और अपनी पसंदीदा चीजें साझा की।

तृतीय कक्षा के छात्रों ने आम के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को तैयार कर मैंगो शेक से लेकर आम के सलाद तक छात्रों ने बडें उत्साह के साथ अपनी पाक कौशल कला का प्रदर्शन कर सभी को अभिभूत कर दिया। साथ ही आम के पोषण मूल्य पर भी प्रस्तुति दी। इसमें संतुलित आहार में आम को शामिल करने के स्वास्थ्य लाभ और महत्व पर भी प्रकाश डाला।



### मैंगों से बने पदार्थों का सेवन का उठाया लुत्फ

चतुर्थ वर्ग के छात्रों ने सुदंर पेपर मैशे (क्ले) से आम बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस व्यवहारिक गतिविधि ने उन्हें अपनी शिल्प कौशल को निखारते हुए आमों की बनावट और संरचना का पता लगाने का मौका मिला। रंग बिरंगे और रचनात्मक आम के मॉडल कक्षा में प्रदर्शित किए गए, जिसमें 'मैंगो मेनिया कार्यक्रम में उत्सव का माहौल बन गया। पंचम् वर्ग के विद्यार्थियों ने आम की किस्में पीपीटी द्वारा प्रस्तुत कर आमों की दुनिया में जाने का एक शानदार अवसर बताया। कार्यक्रम के अन्त में बच्चों ने मैंगो से बने पदार्थों का सेवन कर लुत्फ उठाया।

### आत्मविश्वास और बोलने के कौशल को बढ़ाने का मिला अवसर

स्कूल डायरेक्टर उषा शर्मा ने कार्यक्रम के हिस्सा बने सभी विद्यार्थियों की लगन और उत्साह पर गर्व करते हुए कहा कि इस शैक्षिक गतिविधि ने न केवल बच्चा को आत्म विश्वास बढ़ाया, बल्कि उनके सार्वजनिक बोलने के कौशल को भी बढ़ाया। इस आयोजन की एक्टिविटी बच्चों द्वारा पूर्ण जानकारी और अच्छी तरह से शोध की गई थी, जो कि बच्चों की गहरी समझ को दर्शाती है।

# केरल से हिमालय तक भूस्खलन से तबाही



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

नयनाभिराम प्राकृतिक संपदा और बहुआयामी जल-संसाधनों के कारण केरल को उत्तराखंड की तरह भगवान का घर माना जाता है। किंतु मूसलाधार बारिश और भूस्खलन हिमालय से लेकर केरल तक तबाही के कारण बन रहे हैं। देश के सुदूर दक्षिण राज्य केरल में प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया और भूस्खलन एवं चेरियाल नदी के जलभराव क्षेत्र में बसे चाय बागान मजदूरों के चार गांवों ने मिट्टी के मलबे में जल समाधि ले ली। चेरियाल नदी पहाड़ों से निकलती हुई समतल भूमि पर चार दिनों से चल रही बारिश के कारण अत्यंत तेज गति से बही। इसी समय पहाड़ जल के प्रवाह से बह पड़े और पत्थरों व मलबे से चूरलमाला, अट्टामाला, नूलपुझा और मुंडक्कई इस मलबे में पूरी तरह दब गए। जल की रफ्तार में हजारों पेड़, सैंकड़ों वाहन भी जड़ों से उखड़ कर ग्रामों की ओर बहते चले आए। करीब 2200 की आबादी के 400 से ज्यादा घर कुछ पलों में मिट्टी के ढेर में बदल गए। 165 के करीब लोगों के शव मिल चुके हैं और 500 के करीब लोग लापता हैं। यह पूरा इलाका पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। अतएव ग्रामीणों को पहले से ही अनहोनी की आशंका थी, जो इस बारिश में घट गई।

केरल में केदारनाथ की तरह जो जल तांडव आया, उसने तय कर दिया है कि यह आपदा भगवान की देन न होकर मानव निर्मित है। पर्यावरणविदों ने भी इस बाढ़ को मानव निर्मित आपदा करार दिया है। इसका कारण बड़ी मात्रा में जंगलों की कटाई और पर्यटन में वृद्धि है। चेरियाल बाढ़ क्षेत्र की जीवनदायिनी नदी मानी जाती रही है, लेकिन वही आधुनिक विकास के चलते मौत का सबब बन गई। कृषि प्रधान इस इलाके चाय के अलावा नारियल, केला, मसाले और शुष्क मेवा की फसलें भी खूब होती हैं। इसके अलावा पर्यटन भी राज्य की आमदनी व रोजगार का मुख्य स्रोत है। आय के ये सभी संसाधन प्राकृतिक हैं।

> *बाढ़ की यही स्थिति असम व बिहार जैसे राज्य भी हर साल झेलते हैं, यहां बाढ़ दशकों से आफत का पानी लाकर हजारों ग्रामों को डूबो देती है। इस लिहाज से शहरों और ग्रामों को कथित रूप से स्मार्ट व आदर्श बनाने से पहले इनमें ढांचागत सुधार के साथ ऐसे उपायों को मूर्त रूप देने की जरूरत है, जिससे ग्रामों से पलायन रुके और शहरों पर आबादी का दबाव न बढ़े?*

गोया, प्रकृति का इस तरह से रूठ जाना आर्थिक रूप से खस्ताहाल केरल पर लंबे समय से भारी पड़ रहा है। क्योंकि इसके पहले बरसात में ही केरल के 80 बांधों में से 36 बांधों के दरवाजे एकाएक खोल दिए गए थे। इन बांधों से निकले पानी ने बड़ी तबाही मचाई थी। यह तबाही पूरी तरह मानवीय भूल थी, लेकिन सिंचाई विभाग के किसी नौकरशाह की जबावदेही तय करके दंड दिया गया हो, ऐसा देखने में नहीं आया। अब आधुनिक विकास, बढ़ते शहरीकरण के साथ तकनीक भी बाढ़ के पानी को मौत के कारणों में बदल रही है। दिल्ली की एक बहुमंजिला इमारत के तलघर में चल रही कोचिंग संस्थान में पानी भर जाने से तीन होनहार बच्चों की मौतें हुई हैं। ये मौतें पानी के कारण नहीं तकनीक के कारण हुई हैं, जिसे जांच में नजरअंदाज किया जा रहा है। दरअसल तलघर के दरवाजे बायोमेट्रिक दरवाजे लगे थे। इस प्रकार के द्वार में चाबी वाला ताला नहीं होता है। यह द्वार उपयोगकर्ता के अंगूठे की पहचान से खुलता है। अंगूठे के निशान पहले से ही स्कैन कर स्टोर कर लिए जाते हैं। किंतु जब तलघर में पानी भरा तब बिजली बंद कर दी गई। अतएव अंगूठे का स्पर्श कराने के बावजूद दरवाजे नहीं खुले और आईएएस बनने की तैयारी में लगे तीन युवकों की मौत हो गई। लिहाजा आने वाले समय में तकनीक इस तरह के हादसे का कारण न बने, इसका ध्यान रखना होगा। सेना, नौसेना, वायुसेना के लोग केरल के आपदाग्रस्त इलाके में लोगों को बचाने में लगे हैं। लेकिन जो लोग 24 घंटे से ज्यादा समय मलबे से मलबे में दबे हुए हैं, उनका बचना असंभव है।

देश में ऐसी आपदाओं का सिलसिला पिछले एक दशक से निरंतर जारी है। बावजूद हम कोई सबक लेने को तैयार नहीं हैं। यही कारण है कि विपदाओं से निपटने के लिए हमारी आंखें तब खुलती है, जब आपदा की गिरफ्त में आ चुके होते है। इसीलिए केरल में तबाही का जो मंजर देखने में आ रहा है, उसकी कल्पना हमारे शासन-प्रशासन को कतई नहीं थी। यही वजह है कि केदारनाथ, अमरनाथ, हिमाचल और कश्मीर के जल प्रलय से हमने कोई सीख नहीं ली। गोया वहां रोज बादल फट रहे हैं और पहाड़ के पहाड़ ढह रहे हैं। हिमाचल, असम और उत्तर प्रदेश में भी बारिश आफत बनी हुई है। बावजूद न तो हम शहरीकरण, औद्योगीकरण, तकनीकीकरण और तथाकथित आधुनिक विकास से जुड़ी नीतियां बदलने को तैयार हैं और न ही ऐसे उपाय करने को प्रतिबद्ध हैं, जिससे ग्रामीण आबादी शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर न हो ? शहरों में यह बढ़ती आबादी मुसीबत का पर्याय बन गई है। नतीजतन प्राकृतिक आपदाएं भयावह होती जा रही है। सूरत, चेन्नई, बैंगलुरू, गुड़गांव ऐसे उदाहरण हैं, जो स्मार्ट सिटी होने के बावजूद बाढ़ की चपेट में रहे हैं। लिहाजा यहां कई दिनों तक जनजीवन ठप रह गया था।

ध्यान रहे, 2031 तक भारत की शहरी आबादी 20 करोड़ से बढ़कर 60 करोड़ हो जाएगी। जो देश की कुल आबादी की 40 प्रतिशत होगी। ऐसे में शहरों की क्या नारकीय स्थिति बनेगी, इसकी कल्पना भी असंभव है? बहरहाल देश को हर साल बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं का संकट नहीं झेलना पड़े, अतएव अब क्रांतिकारी पहल करना जरूरी हो गया है। वरना देश हर वर्ष किसी न किसी राज्य या महानगर में बाढ़ जैसी भीषण त्रासदी झेलते रहने को विवश होता रहेगा?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

भूस्खलन

# समय पूर्व चेतावनी प्रणाली बेहद जरूरी



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्



भूस्खलन,भूकंप और बादल फटने की घटनाएं अब रोजमर्रा की बात हो गयी हैं। फिर पहाडों पर रहने वालों के लिए तो यह भीषण अभिशाप हैं। क्योंकि इन आपदाओं के शिकार सबसे ज्यादा पहाड़ वासी ही होते हैं। वह बात दीगर है कि इन घटनाओं के पीछे मानवीय गतिविधियों की अहम भूमिका होती है जिसे नकारा नहीं जा सकता। विकास के नाम पर पहाडों का बेदर्दी से विनाश वर्तमान की सबसे बड़ी विडम्बना है। वनों का बेतहाशा कटान, बडी-बडी परियोजनाओं और वहां बहुमंजिला भवनों का निर्माण उसका अहम कारण तो है ही। लेकिन इसके साथ ही साथ पहाडों के विनाश के साथ उनको दरकने से बचाने के जो उपाय किये जाने चाहिए थे, उनका अभाव इन आपदाओं की भयावहता को और बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निबाहते हैं जिनकी ओर सरकारों की उदासीनता सबसे बड़ा कारण है।

कहने को देश में इस बाबत दिशा-निर्देश हैं लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते उनका सही मायने में क्रियान्वयन न होना ऐसी आपदाओं से हुयी तबाही की विकरालता को और भयावह बना देता है। सबसे बड़ी दुखदायी और विकट समस्या समय पूर्व चेतावनी प्रणाली का अभाव है जिसे आज तक सरकार स्थापित कर पाने में नाकाम रही है जिससे जान-माल के नुकसान से बचा जा सकता है। वायनाड की ताजा घटना इस बात की जीती-जागती मिसाल है कि यदि वहां समय पूर्व चेतावनी तंत्र स्थापित होता तो भूस्खलन से अभी तक हुयी तकरीब एक सौ चौहत्तर मौतों और इसमें बहे चार गांवों में भयावह स्तर तक हुयी तबाही व एक सौ इक्यानवे से ज्यादा लोगों के घायल होने से बचा जा सकता था। इस हादसे में अभी तक 225 लोग लापता हैं। 250 को बचाया गया है। मल्लपुरम जिले की चलियार नदी से अभी तक 72 शव निकाले जा सके हैं जबकि शेष की तलाश जारी है। 191 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। समझ नहीं आता कि सरकारें इस ओर क्यों नहीं ध्यान दे रहीं जबकि वह इस बाबत बेहद गंभीर होने का ढिंढोरा बराबर पीटते रहती हैं। वह बात दीगर है कि राहत के काम में राज्य की सभी सरकारी एजेंसियों के अलावा सेना की टुकड़ियां चिकित्सा कर्मियों के साथ रात-दिन जुटी हुयी हैं और मलबे में दबे लोगों को निकालने के साथ राहत व बचाव कार्य को बखूबी अंजाम दे रही हैं। यहां यह विचारणीय है कि इस घटना से राज्य में दो दिन के शोक, मृतकों को दो लाख व घायलों को 50 हजार देने की सरकारी घोषणा आपदा का स्थायी उपचार नहीं है।

> *यह सब जानते-समझते हुए कि इस मौसम में पहाड़ों पर दबाव काफी बढ़ जाता है और पहाड़ भरभराकर गिरने लगते हैं। कर्नाटक, हिमाचल और उत्तराखंड में भी तो पिछले दिनों यही हुआ है। ऐसी स्थिति में पहाड़ पर कितना दबाव है, इसका पता लगाने हेतु दबाव मापी यंत्र लगाना चाहिए जिससे दबाव की स्थिति मालूम पड़ सके और वहां आस - पास के लोगों को पहाड़ के दरकने की सूचना देकर जानमाल के खतरे को कम से कम किया जा सके।*

इस आपदा से इतना जरूर हुआ है कि सुंदर दर्शनीय स्तरों के लिए मशहूर केरल के ये मुंडक्कई, चूरतमाली, अट्टमाला और नूलपुझा गांवों की भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तस्वीर ही बदल गयी है और अब वहां खंडहर हुए मकान,उफनती नदियों और उखड़े पेड़ ही पेड़ दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोगों के मकान तो अब भी हिल रहे हैं। गौरतलब यह है कि यह सब जानते-समझते हुए कि इस मौसम में पहाडों पर दबाव काफी बढ़ जाता है और पहाड़ भरभराकर गिरने लगते हैं। कर्नाटक, हिमाचल और उत्तराखंड में भी तो पिछले दिनों यही हुआ है। ऐसी स्थिति में पहाड़ पर कितना दबाव है, इसका पता लगाने हेतु दबाव मापी यंत्र लगाना चाहिए जिससे दबाव की स्थिति मालूम पड़ सके और वहां आस - पास के लोगों को पहाड़ के दरकने की सूचना देकर जानमाल के खतरे को कम से कम किया जा सके और वहां के रहवासी समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंच अपनी जान बचा सकें। ताइवान ने अपने यहां इस तंत्र का प्रयोग बरसों पहले कर लिया है। लेकिन दुखद यह कि हमारी सरकार दूसरों से कुछ सीखने को और न कुछ करने को तैयार ही नहीं है। उस स्थिति में भी जबकि हिमाचल के 42,093 वर्ग किलो मीटर भूस्खलन प्रभावित चिन्हित क्षेत्र में 17,102 स्थान पर भूस्खलन की आशंका व्यक्त की गयी है। यही नहीं 6,420 सक्रिय भूस्खलन और उच्च संवेदनशीलता के 26 फीसदी क्षेत्र खतरनाक स्थिति में हैं। वहां कभी भी भूस्खलन भीषण तबाही का सबब बन सकता है। इसकी जानकारी तो भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग हिमाचल सरकार को 2022 में ही दे चुका है।

यह तो तब है जबकि राज्य के लोग बीते साल आयी प्राकृतिक आपदा और बाढ़ से वैसे ही भयभीत हैं। फिर उत्तराखंड में मसूरी रोड पर गलोगीधार की पहाड़ी पर भूस्खलन का दायरा 95 मीटर तक पहुंच चुका है जिससे लोगों में काफी दहशत है। हालात की भयावहता का आलम यह है कि एक भूस्खलन संभावित क्षेत्र का उपचार किया जाता है, वहीं दूसरा क्षेत्र सक्रिय हो जाता है। चिंता इस बात की है कि यदि यह 17,102 भूस्खलन संभावित क्षेत्र में दबाव बड़ा तो स्थिति संभालना मुश्किल हो जायेगी और उस स्थिति में तबाही का आंकड़ा भयावहता की सीमा को पार कर जाएगा। सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि वायनाड की घटना एक चेतावनी है जबकि इस तथ्य से सभी भलीभांति परिचित हैं कि उत्तर से लेकर दक्षिण तक के पहाडों के चरित्र में कोई खास बदलाव नहीं है। उसमें कमोवेश एकरूपता ही परिलक्षित होती है। वह बात दीगर है कि उत्तर के मुकाबले दक्षिण के पहाड़ों की मिट्टी थोड़ी सख्त है लेकिन जब हम पहाडों की मिट्टी को थामने वाले जो प्राकृतिक तत्व कहें या साधनों का ही विनाश करते जायेंगे,उस दशा में पहाडों को दरकने से कोई नहीं रोक सकता। तब पत्थर पहाड़ से टूटकर सड़क, गांव या नदी में आकर गिरते हैं और सड़क मार्ग को अवरुद्ध करने, गांव के गांवों को जमींदोज करने और नदी के प्रवाह में भयावह स्तर पर तेजी का सबब बनते हैं। उस दशा में भूस्खलन को रोक पाना किसी के बूते के बाहर की बात है। और जातक आपदा पूर्व सूचना प्रणाली तंत्र स्थापित नहीं होता,तब तक ऐसे हादसों के निदान की कल्पना ही बेमानी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

व्यंग्य

# सड़क पर आने की हार्दिक इच्छा



मुकेश राठौड़
व्यंग्यकार

सड़क पर आना बुद्धिजीवियों के लिए भले बेघर होने का मुहावरा रहा हो लेकिन इन दिनों शहर हो या गांव हर कोई बाघर सड़क पर आने को आमादा है|जो लाख कोशिशों के बावजूद सड़क पर नहीं आ पा रहे या आने में असमर्थ है, वे चाहते हैं कि कभी किसी बहाने सड़क उनके घर सामने से गुजर जाए|डामर वाली काली सड़क न सही तो सीमेंट कांक्रीट वाली गोरी सड़क ही सही|बताता चलूं कि सड़क पर आने से मेरा आशय उस टाइप से सड़क पर आने से नहीं है और न सड़क पर उतरने से हैं बल्कि सड़क किनारे घर बनाने से है|

एक समय था जब गांवों में चोरों की 'धाड़' पड़ती थी|जिसकी मार गांव बाहर अंतिम पंक्ति में रहने वालों पर पड़ती|लोग मार और धाड़ के भय से गांव बीच रहना पसंद करते थें,मगर उन दिनों जात-पात के झमेलों से गांव बीच रहना इतना आसान नहीं था|आज हो सकता है|समय बदला तो यकायक सब कुछ बदल गया जैसे राशनार्थियों द्वारा आत्मानुशासन से जमाई गई राशन कार्डों की गड्डी को राशन बाबू ने कुर्सी संभालते ही मेरी मर्जी कहकर पलट दिया हों|आगे वाले पीछे और पीछे वाले खट से आगे हो गए|

आज गांव बीच कोई रहना पसंद नहीं कर रहा,सभी सड़क की ओर भाग रहे हैं|सड़क प्रधानमंत्री वाली हो या खेत सड़क योजना वाली|सबका यही मानना है कि सड़क पर ही विकास संभव है|उन बावलों को कौन समझाए कि विकास गांव बीच बने सीसी रोड,पेवर ब्लॉक यहां तक कि नालियों में भी हो सकता है,गर करना चाहे तो लेकिन "बुड्ढी कहती सुनता कौन!" भागचंद सड़क पर गया तो फिर लालचंद तो जायेगा ही जाएगा!

लोग यूं ही सड़क पर नहीं आ रहे!सड़क पर आने के अनेक फायदे हैं|पहला तो यह कि घर की चहारदीवारी के बरअक्स आप ओटले पर आराम से पालथी मार,आते-जाते लोगों को देख दिल बहला सकते हैं|दिल देने,लगाने से ही नहीं,देखने से भी बहलता है|शायर मोहम्मद अल्वी ने ठीक ही कहा है "सड़क पर चलते-फिरते दौड़ते लोगों से उकता कर,किसी छत पर मजे में बैठे बंदर देख लेता हूं|"शायर बंदर क्यों देखना चाहता है,वह जाने!यदि आप सचमुच ओटलाफोड़ू या खाटतोड़ू किस्म के इंसान है और सड़क पर होकर भी सड़क का फायदा नहीं उठा पा रहे तो भी सड़क आपको फायदा दिला ही देगी |कबीर के "जो कछु गंधी दे नाहि,तो भी बास सुबास"माने दूसरा फायदा यह कि आप अपने घर सामने की बैठकी किसी ठेले वाले को सालाना नीलाम करते रहें|इससे यह होगा कि आपको सिर्फ जगह (जो वास्तव में आपकी है ही नहीं)के पैसे मिलते रहेंगे|तीसरा फायदा यह होगा कि शादी-ब्याह जैसे मांगलिक प्रसंगों पर आप बेधड़क सड़क पर टेंट ठोंककर चक्काजाम कर सकते हैं|चौथा आप घर सामने से गुजरती भांति-भांति की यात्राओं का स्टॉल लगाकर दो किलो गेंदों के फूल से स्वागत कर 'युवा ह्रदय सम्राट' बन सकते हैं| हो सकता है आप सड़क से संसद तक पहुंच जाए|पांचवां फायदा घनघोर बेरोजगारी की हालत में आप खुद और अपने बाल-गोपालों से पकौड़ों का ठेला लगवाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं|छठवां यह कि घर सामने दो पौधे लगाकर और पत्थर पर सिंदूर चुपड़कर चाहे उतना आगे सरक सकते हैं|"अतिक्रमण करने में ये कवच का कार्य करते हैं|"सातवां फायदा यह कि मस्त सोफे पर पसरे हुए आती-जाती बस को हाथ देकर घर सामने अस्थाई बस स्टॉप बनवा सकते हैं|आठवां फायदा थोड़ा अजूबे टाइप का लगेगा,वह यह कि जब कभी यदि अतिक्रमण हटाओ मुहिम आए और संयोगवश आप युवा ह्रदय सम्राट नहीं है तो आस्था पर चोट,हरे-भरे पेड़ों को नुकसान पहुंचाने और रोजगार छीनने के विरोध में अविलंब सड़क पर उतर सकते हैं| ...क्योंकि सड़क पर तो आप ऑलरेडी है ही।

नॉलेज कॉर्नर: धरती हो आकाश... कर देता है सर्वनाश

# मोसाद मतलब इजराइल के दुश्मनों का काल!

इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद को दुनिया की सबसे खतरनाक जासूसी संगठन माना जाता है, ये महज सूचनाएं जुटाने वाली संस्था ही नहीं है, अपने दुश्मनों को खत्म भी कर देती है. बल्कि कहा जा सकता है कि निशाने पर ले लेने के बाद खत्म करके ही मानती है. यही वजह है कि इसे जासूसी की दुनिया का 'किलिंग मशीन' भी कहा जाता है। मोसाद का ताजा निशाना हमास नेता इस्माइल हानिया हैं, लेकिन इससे पहले भी इसने अपने देश की सीमा से बाहर जा कर कई ऐसे हाई प्रोफाइल लोगों को निपटाया है जो इसकी हिट लिस्ट में थे। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं दुनिया की सबसे खतरनाक खूफिया एजेंसी के बारे में...

## सीआईए भी मानती है लोहा

अमरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए भी मोसाद का लोहा मानती है. दोनों देशों की पोलिटिकल लीडरशिप की दखल से इनमें ज्यादातर सहयोग की ही स्थिति रहती है। अमरिकी फिल्मों और वेबसीरीज में भी अक्सर दिखाया जाता है कि मोसाद और सीआईए मिल कर ही काम करते हैं। वैसे भी दोनों देशों के हित और लक्ष्य ज्यादातर मसलों पर एक जैसे ही हैं। वैसे तो दुनिया को बहुत कम ही पता चल पाता है कि कौन से कारनामें मोसाद ने कराए. हां, कुछ मामले ऐसे जरूर आते हैं जिनके बारे में मोसाद चाहता



है कि दुनिया को पता चले कि ये उसी का कारनामा है, ऐसे ही मसलों को दुनिया जान भी पाती है। ईरान जैसे विरोधी देश में इस्माइल हानिया की हत्या के पहले मोसाद ने 2010 में दुबई महमूद अल मबूह की हत्या की थी. कहा जाता है कि अल मबूह मोसाद के लिए ही हथियारों की खरीद फरोख्त करता था।

## ईरानी परमाणु वैज्ञानिक की हत्या

इसके अलावा मोसाद की हालिया चर्चित कारगुराजियों में ईरान के परमाणु वैज्ञानिक ब्रिगेडियर जनरल मोहसिन फकरीजादेह की हत्या चार साल पहले 2020 में की थी, लेकिन मोसाद का सबसे चर्चित कारनामा ऑपरेशन थंडर बोल्ट रहा. दरअसल, अरब के आतंकियों ने 94 इजरायली नागरिकों से भरा विमान अगवा कर लिया था। आतंकियों से बातचीत दौरान ही मोसाद ने हमला कर आतंकियों को मार गिराया और अपने नागरिकों को छुड़ा लिया। इसी लड़ाई में राष्ट्रपति बेंजमिन नेतान्हू के भाई की जान भी चली गई थी।

**रैथ ऑफ गॉड**

*सातवें दशक का रैथ ऑफ गॉड मिशन बहुत खून खराबे वाला रहा। मिशन के नाम का हिंदी मतलब होता है खुदा का कहर और सच में मोसाद ने कहर ही बरपा दिया। इसमें फिलीस्तीनियों ने म्युनिख ओलंपिक के दौरान इजराइल के 11 खिलाड़ियों की हत्या कर दी थी, इसके बाद मोसाद ने हत्यारों को चुन-चुनकर मार डाला था।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाडी एवं कोच रहे श्री अंशुमान गायकवाड़ जी का निधन अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारजनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

### विधानसभा में सवालों के जवाब के दौरान सीएम योगी ने दिखाया आक्रामक रुख... सपा पर कसे तंज

# मैं नौकरी करने नहीं आया हूं, जो अव्यवस्था फैलाएगा...वह भुगतेगा: योगी

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सवालों के जवाब देते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आक्रमक रुख में दिखाई दिए। उन्होंने सपा के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यहां पर मैं नौकरी करने नहीं आया हूं। सवाल प्रतिष्ठा का नहीं है। प्रतिष्ठा यहां से ज्यादा मठ में मिल जाती है।

उन्होंने कहा कि जो भी अव्यवस्था फैलाने का काम करेगा उसे भुगतना ही होगा। इसके साथ ही कहा कि यह सरकार चलेगी और पूरी मजबूती के साथ चलेगी। उन्होंने ओबीसी और एससी-एसटी के आरक्षण को लेकर भी सपा पर करारा हमला बोला। सीएम योगी

### लखनऊ में दंपती के साथ दुर्व्यवहार, अधिकारियों पर कार्रवाई, पूरी चौकी सस्पेंड



ने सनातन पांडेय के सवालों के जवाब में यह बात कही। योगी ने लखनऊ के गोमती नगर की एक घटना के संदर्भ में यह बात कही। जहां बारिश के दौरान बाइक सवार एक दंपती के साथ हुड़दंगियों ने दुर्व्यवहार किया था। बाद में इस मामले में पुलिस उपायुक्त समेत तीन वरिष्ठ पुलिस अफसरों को पद से हटा दिया है। इसके अलावा पूरी चौकी को ही सस्पेंड कर दिया गया था। सीएम योगी ने कहा कि आप लोगों को बुलडोजर से भी डर लगता है, लेकिन यह निर्दोष के लिए नहीं है। यह उन अपराधियों के लिए हैं जो व्यापारी और बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अव्यवस्था फैलाने वालों की सूची हमारे पास आई है। पहला अपराधी पवन यादव और दूसरा मोहम्मद अरबाज है। यह सद्भावना वाले लोग हैं। इनके लिए सद्भावना नहीं बुलेट ट्रेन चलेगी। महिला सुरक्षा हमारे लिए सर्वोच्च महत्व रखता है। जो खिलवाड़ करेगा खामियाजा भुगतेगा। हमने एक एक बहन बेटी को आश्वस्त किया है। इसलिए ही घटना को गंभीरता से लिया है। पूरी चौकी पर कार्रवाई की गई है।

### काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती

लोकसभा चुनाव में सपा को मिली जीत की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ने वाली है। अब समय पूरा हो गया है। हम लोग जो भी योजना बनाते हैं, धरती पर पांव रखकर बनाते हैं। सपा या कांग्रेस को किसी को गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। योगी ने कहा कि यह सरकार चलेगी और पूरी मजबूती के साथ चलेगी।

### सपा के समय OBC को 27% आरक्षण नहीं मिला

योगी ने कहा कि सपा के समय ओबीसी को 27 फीसदी भी आरक्षण नहीं मिला है। अखिलेश-शिवपाल पर निशाना साधते हुए कहा कि भतीजा और चाचा की जोड़ी वसूली के लिए निकली थी। लेखपालों की तैनाती भी उसी आधार पर हुई थी। आज पांच लाख लेखपालों की नियुक्ति हुई है। कोई आरोप नहीं लगा सकता है। हमारी सरकार में एससी, एसटी और ओबीसी में 60 फीसदी नियुक्तियां की गई हैं। हमने सुनिश्चित किया है कि प्रदेश में किसी नौजवान के साथ धोखा नहीं होना चाहिए। अगर धोखा हुआ तो उसी दिन नौकरी लेने का काम हम लोग करेंगे।

### इस घटना पर भड़के सीएम योगी

राजधानी लखनऊ में बुधवार को बारिश के दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर सड़क पर भरा पानी उछालने और महिला को खींचकर गिराने के मामले में सीएम योगी ने बड़ी कार्रवाई की है। सीएम योगी ने पुलिस उपायुक्त समेत तीन वरिष्ठ पुलिस अफसरों को पद से हटा दिया है। इसके अलावा पूरी चौकी को ही सस्पेंड कर दिया है। इस मामले में अब तक चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिये क्राइम ब्रांच की टीम को भी जिम्मेदारी दी गई है।

### चार राज्यों के लिए कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी गठित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चार राज्यों में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। इसमें हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू और कश्मीर शामिल है। जहां हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने कमेटी का चेयरमैन अजय माकन को बनाया है। जबकि मणिकम टैगोर, जिग्नेश मेवाणी और श्रीनिवास बीवी को इसका सदसय बनाया गया है। हरियाणा के अलावा कांग्रेस आलाकमान ने महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर के लिए भी स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। पार्टी ने महाराष्ट्र में मधुसुदन मिस्त्री को कमेटी का चेयरमैन बनाया है। इसके अलावा सप्तगिरी शंकर उल्का, मंसूर अली खान और श्रीवेल्ला प्रसाद को कमेटी का सदस्य बनाया है। इसी तरह झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए गिरीश चोडनकर को कमेटी का चेयरमैन बनाया है। उनके साथ पूनम पासवान और प्रकाश जोशी को कमेटी का सदस्स बनाया है। वहीं जम्मू कश्मीर में कांग्रेस नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा को कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। एंटो एंटनी और सचिन राव को सदस्य बनाया गया है।

### पूर्व मंत्री की प्रतिमा के लिए बन रहा चबूतरा गिराया

**गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)।** उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता व पूर्व मंत्री स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी के पैतृक गांव टाड़ा में उनकी प्रतिमा लगाने के लिए बनाए जा रहे चबूतरे को प्रशासन द्वारा बुलडोजर से ढहा दिए जाने के बाद सियासत गरमा गई है। हरिशंकर तिवारी के बेटे विनय शंकर तिवारी ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है। उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी योगी सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा कि अब तक भाजपा का बुलडोजर मकान-दुकान पर चलता था, लेकिन अब यह दिवंगतों के मान-सम्मान पर भी चलने लग गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रतिमा स्थापना स्थल को भाजपा सरकार द्वारा तुड़वा देना आपत्तिजनक कृत्य है।

### रेलवे की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब...

# हर मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में अब होंगे चार सामान्य डिब्बे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के आरोपों पर जमकर पटलवार किया। रेलवे की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कथित तौर पर पर्याप्त कदम नहीं उठाने के लिए पिछली यूपीए सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, कांग्रेस के 58 साल के शासन के दौरान, 2014 तक भारतीय रेलवे पर एक किलोमीटर पर भी स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली लागू नहीं की गई थी। वैष्णव ने जिस आक्रामक अंदाज में विपक्षी सदस्यों की टोकाटाकी का प्रतिवाद किया उससे विपक्ष के कई सदस्य आसन के समक्ष आ गए और रेल मंत्री हाय हाय के नारे लगाए। वैष्णव का वक्तव्य पूरा होने पर विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। लोकसभा स्पीकर बिरला ने कहा कि चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, जब अगले पक्ष का कोई सदस्य या मंत्री बोल रहे हों तो दूसरे पक्ष के लोगों को बैठे बैठे टोकाटाकी नहीं करनी चाहिए। वैष्णव ने बताया कि अगले कुछ ही महीनों के भीतर रेलवे ट्रेनों में 2500 जनरल कोच बनाने की तैयारी कर रहा है। हर मेल, एक्सप्रेस ट्रेन में जनरल के चार डिब्बे लगाए जाएंगे।



### जल्द शुरू होगी वंदे मेट्रो ट्रेन

वैष्णव ने कहा कि 100 से 150 किलोमीटर की दूरी वाले दो मेट्रो स्टेशनों के बीच चलने वाली वंदे मेट्रो ट्रेन को जल्द ही शुरू किया जाएगा। पहली वंदे मेट्रो ट्रेन बन गयी है, उसका परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संप्रग काल में केवल 2,300 एलएचबी कोचों का उत्पादन किया गया था, जबकि राजग की दो सरकारों में 37000 कोचों का उत्पादन किया गया है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक के अनुरूप स्वदेशी दिमाग से एक नया कोच विकसित किया जाएगा।

### टोका-टाकी पर भड़के रेल मंत्री

वैष्णव के जवाब के बीच-बीच में विपक्षी बेंचों से टोकाटाकी हो रही थी। रेल दुर्घटनाओं का जिक्र आने पर उन्होंने कहा कि एक भी दुर्घटना बहुत दुखद है और लेकिन वह विपक्ष के सदस्यों के बार-बार पूछने पर रिकॉर्ड रखना चाहते हैं कि संप्रग सरकार के कार्यकाल में साल में औसतन 171 दुर्घटनाएं होतीं थीं। अब यह आंकड़ा 68 प्रतिशत कम हो गया है। उनके यह कहने पर विपक्ष की ओर से कोई कटाक्ष किया गया जिस पर वैष्णव भड़क गए। उन्होंने तेज आवाज़ में कहा, जो लोग 58 साल के राज में एक एटीसी (टक्कररोधी उपकरण) नहीं लगा पाए वो सवाल उठा रहे हैं। अपने गिरेबां में झांक कर देखें।

### कवच को लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी

हालांकि इस दौरान रेल मंत्री ने पूरे रेलवे नेटवर्क पर कवच को लागू करने के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि बहुत छोटे रेलवे नेटवर्क वाले छोटे देशों को भी स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली को लागू करने में 20 साल से अधिक का समय लगा। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि कवच को लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हम दिन-रात कड़ी मेहनत करेंगे और हर किलोमीटर पर कवच लगाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

माना जा रहा है कि ट्रेनों में होने वाली भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इसके चलते गरीब और मिडिल क्लास रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में गैर वातानुकूलित कोच बढ़ाए जा रहे हैं। दस हजार गैर वातानुकूलित कोचों के निर्माण का काम हाथ में लिया गया है और अगले कुछ महीनों में 2500 गैर वातानुकूलित कोच संचालन के लिए मिल जाएंगे। उन्होंने उल्लेख किया कि निकट भविष्य में, लगभग 10 हजार अतिरिक्त सामान्य कोचों का उत्पादन किया जाएगा, जिससे सामान्य कोचों की उपलब्धता में कोई समस्या न हो। रेल मंत्री ने इस दौरान रेलवे नेटवर्क में मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने, ट्रेनों की आवाजाही के बेहतर प्रबंधन के लिए रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटर-लॉकिंग को लागू करने में अपनी सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों को बताया।

### शिक्षा मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा

# आरक्षण का अर्थ बुद्धुओं को बढ़ावा देना मानती है कांग्रेस: BJP

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसके नेता दिवंगत राजीव गांधी आरक्षण को बुद्धुओं को बढ़ावा देना मानते थे। आम बजट 2024-25 में शिक्षा मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा के तेजस्वी सूर्या ने यह आरोप लगाया।

उन्होंने शिक्षण संस्थानों में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की उन्नति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों को इंदिरा गांधी हों या राजीव गांधी दोनों ने आने नहीं दीं। उन्हें ही अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछडा वर्ग (ओबीसी) से नफरत थी। शिक्षा



मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा में सत्तापक्ष ने दावा किया कि देश में शिक्षा संस्थानों का घनत्व बढ़ा है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से दलित, आदिवासी, महिला, पिछड़े वर्गों का नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जबकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि देश के शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के पद बड़ी संख्या में खाली होने के कारण पूरी शिक्षा व्यवस्था बर्बाद हो रही है। कांग्रेस ने लगाया शिक्षा की बुनियाद बर्बाद करने का आरोप

कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने विपक्ष की ओर से शुरुआत करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश में शिक्षा यानी तालीम की बुनियाद ही बरबाद कर दी है। संप्रग सरकार ने छह से 14 साल तक के बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का कानून बनाया था। भाजपा ने 18 साल तक आयु सीमा बढ़ाने का वादा किया था लेकिन पूरा नहीं किया। संप्रग के कार्यकाल में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.36 प्रतिशत शिक्षा पर व्यय होता था जिसे छह प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य था लेकिन आज मोदी सरकार ने इसे कम करके 2.9 प्रतिशत कर दिया है।

### अनुराग ठाकुर ने जाति विवाद को लेकर फिर राहुल गांधी पर साधा निशाना

दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को एक बयान में जाति विवाद को लेकर कांग्रेस पर जमकर पलटवार किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा और दावा किया कि यदि सामंतवादी सोच वाली कांग्रेस ने मंडल और काका कालेलकर की रिपोर्ट की राह में रोड़ा नहीं अटकाया होता,



तो आज स्थिति कोई और होती। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेहरू ने तो आरक्षण के विरोध में अपने मुख्यमंत्रियों को पत्र लिख दिया था, जबकि राजीव गांधी खुलेआम मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध करते थे। ठाकुर ने कहा, सांच को आंच नहीं। कुछ लोगों को लगता है कि सवाल पूछने का हक सिर्फ इन्हें है, क्योंकि ये विशेषाधिकार प्राप्त हैं। यह वही लोग हैं जिनके पूर्वज देश के पिछड़ो, दलितों और वंचितों को बुद्धू कहा करते थे। जो लोग आज तक विरासत की मलाई खाते आ रहे रहे हैं, आज उनके मुंह में सवाल की खटाई क्या पड़ी, ये झूठ बोलकर अपनी जग हंसाई करवा रहे हैं।

### सीएम सोरेन के बयान को लेकर किया था विरोध प्रदर्शन

# भाजपा के 18 विधायक निलंबित

**एजेंसी** | रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा में बयान को लेकर अड़े भाजपा के 18 विधायकों को गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार दोपहर 2 बजे तक के लिए निलंबित कर दिया।

यह कार्रवाई भाजपा विधायकों द्वारा विधानसभा में बुधवार रातभर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद की गई है, जिसमें हेमंत सोरेन सरकार के 'असफल' चुनावी वादों को लेकर मुख्यमंत्री के बयान की मांग की गई थी। धरने में शामिल नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को निलंबित नहीं किया गया है। अपना फैसला



सुनाते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विधानसभा अध्यक्ष महतो ने सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद कहा कि विधायकों को विधानसभा के कार्य संचालन नियम 299, 300 और 310 के तहत निलंबित किया जाता है। सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक सुदिव्य कुमार ने 18 भाजपा विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए यह मुद्दा उठाया। हालांकि, अध्यक्ष ने निलंबित किए गए 18 विधायकों के नाम पढ़े।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, सदन के विशेषाधिकार के मामले में विधानसभा सर्वोच्च है। स्पीकर ने कहा कि वह इस मामले को आचार समिति को भेज रहे हैं जो एक हफ्ते में अपनी रिपोर्ट देगी। भाजपा के आचरण पर नाराजगी बताते हुए स्पीकर भी अपने आसन से उठ खड़े हुए और चेतावनी दी।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर राज्यसभा में चर्चा

# सरकार ने किसानों से कोई वादा पूरा नहीं किया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने गुरुवार को राज्यसभा में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने किसानों की हालत सुधारने के लिए अब तक जो भी वादे किए वे केवल जुमले साबित हुए और किसानों की आय दोगुना करने से लेकर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल की खरीद करने जैसे एक भी वादे को पूरा नहीं किया गया है।

कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि मोदी सरकार के किसान



कल्याण क्रियाकलापों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरकार ने पांच वर्षों में कृषि मंत्रालय के बजट का एक लाख करोड़ रुपया वापस लौटाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा किया था कि वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर दी जाएगी लेकिन मंत्रालय की स्थाई समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि किसानों की आय दोगुना तो नहीं की जा सकी बल्कि यह कुछ राज्यों में पहले से भी कम हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार बजट में कृषि के आवंटन को चार प्रतिशत से कम कर कुल बजट के केवल 2.74 प्रतिशत पर ले आई है। उन्होंने सरकार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देश में सवा लाख से अधिक किसानों ने आत्महत्या की है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह निजी बीमा कंपनियों के लिए मुनाफे का सौदा बन गयी है।

भाजपा के सुरेन्द्र सिंह नागर ने कहा कि देश में आजादी के बाद आधे खाद्यान्न का आयात किया जाता था, लेकिन किसानों ने कड़ी मेहनत कर खाद्यान्न के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाया। उसी का परिणाम है कि आज मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न दे पा रही है। वर्ष 2014-15 में 21933 करोड़ रुपए का कृषि बजट था।

### महाराष्ट्र में सियासी घमासान तेज

# मुख्यमंत्री शिंदे को अजित पवार ने दी गठबंधन धर्म निभाने की नसीहत

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में अगामी विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान जारी है। राज्य के उप मुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के प्रमुख अजित पवार अपनी ही सरकार से खफा हो गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को गठबंधन धर्म निभाने की नसीहत दी है और याद दिलाया है कि उनकी पार्टी भी उनकी सरकार में सहयोगी है। दरअसल, एक कार मैन्युफैक्चिंग प्रोजेक्ट के लिए टोयोटा किर्लोस्कर और महाराष्ट्र सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होने थे, लेकिन इस हस्ताक्षर कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अजित पवार को आमंत्रित नहीं





किया गया। इससे पवार नाराज हो गए और उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को फोन कर अपनी नाराजगी जता दी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस समारोह में राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत को भी नहीं बुलाया गया था। सामंत भी राकांपा (अजित पवार) के नेता हैं। हस्ताक्षर समारोह मालाबार हिल स्थित राज्य अतिथि गृह सह्याद्री में आयोजित किया गया था। बाद में अजित पवार और उदय सामंत दोनों समारोह स्थल खुद ही पहुंच गए। राकांपा(अजित पवार) के सूत्रों के मुताबिक, जिस समय समारोह शुरू हो रहा था, उस समय अजित पवार और उदय सामंत उद्योग विभाग से संबंधित अहम मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे। जब इस समीक्षा बैठक में उद्योग विभाग के बड़े अधिकारी और महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के अधिकारी नहीं दिखे तो पवार ने इस पर नाराजगी जाहिर की और पूछा कि ये अधिकारी क्यों नहीं आए? इस पर विभाग के कनिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारी सहयाद्री गेस्ट हाउस गए हुए हैं, जहां एमओयू पर हस्ताक्षर हो रहे हैं।

इस पर अजित पवार ने उद्योग मंत्री सामंत से पूछा कि विभागीय मंत्री होने के नाते आप वहां क्यों नहीं गए तो सामंत ने समारोह की जानकारी होने और न्योता मिलने से इनकार कर दिया। इस पर अजित पवार भड़क गए और उन्होंने वहीं से मुख्यमंत्री शिंदे को फोन मिलाने को कहा। इसके बाद फोन पर अजित पवार ने सीएम शिंदे से कहा कि यह गठबंधन सरकार है, लेकिन ना तो उन्हें और ना ही उद्योग मंत्री को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बुलाया गया। पार्टी के नेताओं को इससे दूर रखा गया, जबकि गठबंधन सरकार में उनकी पार्टी भी सहयोगी है। सूत्रों के मुताबिक, सीएम शिंदे ने इस पर आश्चर्य जताया और अपने उप मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि जब तक दोनों वहां नहीं आ जाते तब तक कार्यक्रम जारी रहेगा। इसके बाद पवार और सामंत समीक्षा बैठक छोड़कर सह्याद्रि पहुंचे।

### राकांपा (एसपी) नेता सुप्रिया सुले का दावा

## पहचान छिपाकर शाह से मिलने दिल्ली गए थे अजित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज होने लगी है और सियासी घमासान जारी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने अजित पवार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि महायुति में जाने से पहले अजित पवार ने दिल्ली में भाजपा नेता अमित शाह से मुलाकात की थी। उन्होंने बोर्डिंग पास अपना नाम भी बदला लिया था। सुप्रिया सुले ने कहा कि इसकी जांच की जानी चाहिए। इससे लगता है कि वह



अपनी पहचान छुपा रहे थे। दिल्ली और मुंबई की प्रवर्तन एजेंसियों को इसकी जांच करनी चाहिए। अजित पवार 2023 में दो जुलाई को महायुति में शामिल हुए थे और सीधे डिप्टी सीएम की शपथ ली थी। उनके साथ 40 विधायक चले गए थे। सुप्रिया सुले के अनुसार यह घटनाक्रम इससे पहले का है। सुप्रिया सुले ने दावा किया है कि महायुति में शामिल होने से एक सप्ताह पहले वह दिल्ली में अमित शाह से मिले थे। सुले के अनुसार जांच होनी चाहिए कि आखिर किस वजह से वह भेष बदलकर राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना बोर्डिंग पास अपने नियमित नाम अजित पवार के बजाय 'ए ए पवार' के नाम से लिया था और उन्होंने मास्क और टोपी भी पहनी थी।

## जरूरी खबर

### पूजा खेडकर की जमानत याचिका की खारिज



**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने बर्खास्त आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। पूजा खेडकर पर धोखाधड़ी कर यूपीएससी की परीक्षा पास करने का आरोप है। पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के बाद कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जांच का दायरा बढ़ाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जंगाला ने कहा कि जांच की जाए कहीं अन्य लोगों ने भी बिना पात्र हुए ओबीसी और दिव्यांग कोटे का लाभ तो नहीं उठाया है। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए टिप्पणी की कि आरोपित ने एक बार नहीं बल्कि बार-बार धोखे से शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी की है।

### बीजद छोड़ने के बाद ममता मोहंता भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) की पूर्व नेता ममता मोहंता राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने और नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी छोड़ने के एक दिन बाद गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गईं। मोहंता यहां भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और ओडिशा प्रभारी विजय पाल सिंह समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुईं। इस अवसर पर ओडिशा के कुछ भाजपा सांसद भी मौजूद थे। मोहंता का पार्टी में स्वागत करते हुए विजय पाल सिंह ने कहा कि उनके शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। ।

### अतीक-अशरफ केस में पुलिस को क्लीन चिट

**लखनऊ।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के मामले में पुलिस को क्लीन चिट मिल गई है। पुलिस अभिरक्षा में हुई हत्या की जांच के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश दिलीप बाबा साहब भोसले की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन हुआ था। आयोग ने माना है कि इसमें पुलिस तंत्र या राज्य तंत्र का कोई संबंध नहीं है। यह घटना अचानक हुई थी। वहीं उमेश पाल हत्या कांड के अभियुक्तों असद, विजय चौधरी और गुलाम की पुलिस मुठभेड़ स्वाभाविक थी।

## दोस्ती के हाथ... भारत वियतनाम साथ-साथ



*नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने वियतनामी समकक्ष फाम मिन्ह चिन्ह के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर पर व्यापक वार्ता की। वियतनाम के पीएम भारत के दौरे पर आए हुए हैं।*



### भारत-वियतनाम बढ़ाएंगे रणनीतिक भागीदारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपने वियतनामी समकक्ष फाम मिन्ह चिन्ह के साथ व्यापक वार्ता की। बातचीत दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और विस्तारित करने पर केंद्रित थी। इस दौरान वियतनामी पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि नई दिल्ली-हनोई रणनीतिक साझेदारी एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को वियतनाम आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने दक्षिण चीन सागर में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया। वियतनाम के पीएम ने नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा पीएम मोदी को हनोई यात्रा की बात कही। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली शीर्ष शक्तियों में से एक है। वियतनामी पीएम ने आपदा रोधी अवसंरचना के लिए भारत के गठबंधन का हिस्सा बनने में रुचि व्यक्त की।


## नीट-यूजी पेपर लीक केस: अब तक 40 आरोपी गिरफ्तार

# CBI ने 13 आरोपियों के खिलाफ दायर किया पहला आरोप पत्र

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को पहली चार्जशीट दायर कर दी है। सीबीआई की चार्जशीट में 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है। सीबीआई अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि आरोप पत्र में अदालत को यह जानकारी दी गई है कि आरोपी कथित तौर पर पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं में शामिल थे। उन्होंने कहा, सीबीआई ने अभी जांच जारी रखी है।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने इस प्रकरण पर छह एफआईआर दर्ज की हैं। एक एफआईआर बिहार में पेपर लीक से संबंधित है, जबकि शेष एफआईआर गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के उम्मीदवारों की शिकायत और धोखाधड़ी के संबंध में हैं। सीबीआई ने कहा कि वह अन्य आरोपियों या संदिग्धों के खिलाफ और मामले के अन्य पहलुओं पर आगे की जांच जारी रखे हुए है। कई अन्य आरोपी पहले से ही पुलिस हिरासत में हैं। जैसे ही इन आरोपियों के खिलाफ आगे की जांच पूरी हो जाएगी, पूरक आरोप पत्र दाखिल किए जाएंगे। सीबीआई ने इस मामले में अब तक 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 15 बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। सीबीआई का कहना है कि देशभर में 58 जगहों में छापेमारी के बाद इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।




### इन आरोपियों के खिलाफ दायर हुआ आरोप पत्र

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार नीतीश कुमार, अमित आनंद, सिकंदर यादवेंदु, आशुतोष कुमार, रोशन कुमार, मनीष प्रकाश, आशुतोष कुमार (दूसरा), अखिलेश कुमार, अवधेश कुमार, अनुराग यादव, अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार और आयुष राज के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर किया गया है। यह मामला इसी साल 5 मई को पटना के शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था और फिर 23 जून को केस सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया।

### आरोप पत्र में यह कहा सीबीआई ने

आरोप पत्र में सीबीआई ने बताया है कि सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 201, 409, 380, 411, 420 और 109 के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ सबूत इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी फुटेज, टॉवर लोकेशन आदि का उपयोग किया जा रहा है। मामले में अभी जांच जारी है।


### 571 शहरों में हुई थी परीक्षा

बता दें कि इस साल नीट परीक्षा 5 मई को 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में 23 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। नीट-यूजी का आयोजन एनटीए द्वारा हर साल सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किया जाता है।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि मामला: हाई कोर्ट का अहम फैसला

# वाद सुनवाई योग्य... मुस्लिम पक्ष की याचिका की खारिज

**एजेंसी** | इलाहबाद




मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना है। कोर्ट ने कहा कि यह वाद सुनवाई योग्य है। इस मामल में दायर 18 याचिकाएं अब एक साथ सुनी जाएंगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिकाएं खारिज कर दी है। इससे मुस्लिम पक्ष को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है।

जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में अब ट्रायल चलेगा। साथ ही मुकदमों में प्रतिवादियों के जवाब दावा और वाद बिंदु तय करने के लिए 12 अगस्त की तारीख लगाते हुए उस दिन से मुकदमों की सुनवाई करने का आदेश दिया है। हिंदू पक्ष की तरफ से श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर 18 याचिका दाखिल की हैं। इनमें दावा किया गया है कि मस्जिद का निर्माण कटरा केशव मंदिर की 13.37 एकड़ जमीन पर किया गया है। यह आदेश जस्टिस मयंक कुमार जैन ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित 15 दीवानी मुकदमों की पोषणीयता पर दिया है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर 32 कार्य दिवसों पर लंबी सुनवाई और लिखित बहस दाखिल होने के बाद गत छह जून को फैसला सुरक्षित कर लिया था। कोर्ट के इस फैसले से मंदिर पक्ष को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाओं के अवलोकन से पता चलता है कि याचियों ने कहीं भी संपत्ति पर प्रतिवादियों के कानूनी कब्जे को स्वीकार नहीं किया है।

## चार राज्यों में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज

# 3 साल से जमे अफसरों को हटाएं: EC

**एजेंसी** | नई दिल्ली




केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर सहित हरियाणा, झारखंड व महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों को लेकर चुनाव आयोग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग ने इन सभी राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र लिखकर एक जिले में तीन साल या अधिक समय से जमे अधिकारियों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 20 अगस्त तक सभी राज्यों से इसके अमल की रिपोर्ट भी मुहैया कराने को कहा है। अमूमन आयोग राज्यों को ऐसे निर्देश तभी देता है, जब वह चुनाव की घोषणा करनी होती है। ऐसे में इन सभी राज्यों के जल्द ही चुनाव घोषित किए जाने की संभावना है।

चुनाव आयोग ने अधिकारियों के एक ही जिले में जमे होने की गणना हरियाणा, महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा के कार्यकाल तक करने को कहा है।

वहीं, आयोग ने जम्मू-कश्मीर में इसकी गणना 30 सितंबर 2024 तक को ध्यान में रखते हुए करने के निर्देश दिए हैं। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी आयोग को जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। यही वजह है कि आयोग उसे ही आधार मानकर राज्य की चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

## देशभर में भारी बारिश का दौर जारी

# बादल फटने से हिमाचल में तबाही, 50 लोग लापता

**एजेंसी** | शिमला/नई दिल्ली

देश में विभिन्न अंचलों में भारी बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में बारिश व बादल फटने से कई जगह पर भारी नुकसान हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली बुधवार रात हुई भारी के बाद बेहाल है। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू, मंडी, लाहौल-स्पीति व चंबा जिले में छह जगह बादल फटने से भारी तबाही हुई है। प्रदेश में 50 लोग लापता हो गए हैं पांच शव बरामद हुए हैं।

### संसद भवन की लॉबी में पानी का रिसाव



भारी बारिश के कारण नए संसद भवन की लॉबी में पानी का रिसाव देखा गया। इस तरह की परिस्थिति के चलते प्रतिष्ठित इमारत की संरचनात्मक मजबूती और डिजाइन को लेकर एक बार फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुधवार को हुई बारिश के दौरान नए भवन के परिसर में जलभराव देखा गया। इस घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए, जिसके बाद से कई सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, इस मसले पर जवाब देते हुए लोकसभा सचिवालय ने कहा कि ग्रीन पार्लियामेंट के कॉन्सेप्ट के तहत भवन के कई हिस्सों में विशेषकर लॉबी में कांच के गुंबद का ढांचा तैयार किया गया है ताकि प्राकृतिक रोशनी का अधिकतम उपयोग हो सके। हालांकि, बुधवार की भारी बारिश के दौरान इन कांच के गुंबदों को चिपकाने वाले पदार्थों की टेपिंग कमजोर हो गई। जिससे लॉबी में पानी का रिसाव हुआ। अधिकारियों ने इस घटना को मामूली बताते हुए कहा कि समस्या का समय पर पता चला और तुरंत सुधारात्मक उपाय किए गए।

## वायनाड में तबाही... जारी है राहत व बचाव अभियान

# बारिश बढ़ा रही मुश्किलें... लापता लोगों की तलाश में बाधा, 280 मरे

**एजेंसी** | वायनाड (केरल)


खूबसूरत नजारों के लिए मशहूर वायनाड में भूस्खलनों के चलते तबाही मची हुई है। मुश्किल यह है कि वायनाड समेत आसपास के इलाकों में जोरदार बारिश का दौर जारी है, जो अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। बारिश के चलते बचाव अभियान चलाने में मुश्किल आ रही है। यही नहीं मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। अब तक मृतकों की संख्या 280 हो जाने की खबर है। इसके 200 से ज्यादा लोग लापता बताए जाते हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। लापता लोगों की स्थिति क्या होगी या फिर वे किस हाल में पाए जाएंगे, उसे लेकर भी आशंकाओं का दौर जारी है। मलबे में ही दबे रह गए लोगों को निकालना मुश्किल हो रहा है। इस बीच, वायनाड में लगातार राहत एवं बचाव कार्य जारी है। सेना और आपदा प्रबंधन दलों द्वारा लगातार फंसे हुए लोगों को एवं शवों को बाहर निकाला जा रहा है।

सीएम पिनराई विजयन का कहना है कि अब तक 1,592 लोगों को बचाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आखिरी व्यक्ति को बचाने तक जारी रहेगा। मंगलवार सुबह आई आपदा के चलते तीन गांव लगभग बह गए हैं।

वायनाड जिला प्रशासन का कहना है कि मारे गए लोगों में 23 बच्चे भी शामिल हैं। अब तक 100 से ज्यादा शवों की पहचान हो चुकी है। वहीं कई मामले ऐसे भी हैं, जहां पूरा परिवार ही तबाह हो गया और अब शवों को लेकर दावा करने भी कोई नहीं आ रहा है।



### ISRO ने कैद की तबाही की फोटो: 13 फुटबॉल के मैदान जितना था भूस्खलन




वायनाड में हाल ही में हुए भूस्खलन ने एक विशाल क्षेत्र को नष्ट कर दिया। इस भूस्खलन से 86,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल को प्रभावित किया जो 13 अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैदानों के बराबर है। इसरो ने इस घटना की सैटेलाइट इमेज जारी की है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कितने बड़े पहाड़ गिरे हैं और चार पहाड़ी गांव - चुरलमाला, मुंडक्कई, अट्टमाला और नुलपुझा पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। 31 जुलाई को इसरो के RISAT-2B उपग्रह ने भूस्खलन की छवि का विश्लेषण किया, जिसमें दिखाई दे रहा कि है कि ढहने के साथ-साथ कीचड़, बड़े पत्थर और पेड़ पहाड़ की ढलानों से नीचे गिर रहे थे। भूस्खलन की गति इतनी तेज थी कि यह आठ किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद चलियार नदी की एक सहायक नदी में जा गिरा। इस तबाही ने गांवों को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया और साथ ही, बड़ी मात्रा में मिट्टी भी भरभरा कर नीचे आ गिरी है। भूस्खलन समुद्र तल से 1500 मीटर की ऊंचाई पर हुआ था। जैसे-जैसे भूस्खलन बस्ती क्षेत्र की ओर बढ़ा, इसकी धाराए तेज होती गईं। वहीं स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, 48 घंटे में 570 मिमी बारिश हो चुकी है।

मुनि प्रणम्य सागर ने किया कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन

# अणुव्रतों का पालन किए जाने से बढ़ती है मानव की संकल्प शक्ति

**बेधड़क | जयपुर**

अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर ने कहा कि पर्याय में गमन ईश्वर द्वारा नहीं अपितु हमारे कर्मों द्वारा जनित होता है। अणुव्रतों का पालन करने से संकल्प शक्ति बढ़ती है। मरते वक्त यदि जीव सन्यास धारण करता है तो वह आने वाले भवों में संसार चक्र से छुटकारा पा सकता है।

मुनि मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन कर रहे थे। इस दौरान जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के पिछले भवों के बारे में बताते हुए वज्रघोष हाथी द्वारा अणुव्रतों के पालन करते हुए अपनी इस पर्याय का समतापूर्वक त्याग करने का संजीव मंचन किया गया। कथा के दौरान सजीव पात्रों ने मनमोहक अभिनय कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।



### ॐ में समाए हैं पंचपरमेष्ठी

मुनिश्री ने कहा कि ॐ में पंच परमेष्ठी समाए हुए हैं और अर्हम में जिनवाणी समाई है। मुनि द्वारा श्रद्धालुओं को अर्हम ध्यान योग के अन्तर्गत अरिहंत परमेष्ठी का ध्यान कराया गया। इससे पूर्व मनीष- रचना चौधरी व संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज व मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया। तत्पश्चात इन्द्रमल, अशोक कुमार, राजेन्द्र बाकलीवाल अशोका इलेक्ट्रीकल्स परिवार द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज व आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया।



### श्रीफल भेंट कर लिया आशीर्वाद

इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, जिला महामंत्री सुभाष बज, प्रदीप चूड़ीवाल, सुनील बज, धन कुमार कासलीवाल, पुष्पा पाटोदी सहित मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा, उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, संयुक्त मंत्री मनोज जैन, संगठन मंत्री अशोक सेठी, सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सोगानी, एडवोकेट राजेश काला, अशोक गोधा सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने मुनिश्री प्रणम्य सागर महाराज ससंघ को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



## वियतनाम में लहराया परचम



**बेधड़क. जयपुर।** एमपीयूएटी उदयपुर प्रोफेसर डॉ. केके यादव ने वियतनाम की राजधानी हनोई में कृषि और संबद्ध विज्ञान में नवीन और वर्तमान प्रगति विषय पर आयोजित सम्मेलन के मृदा व जल संसाधन प्रबंधन सत्र में 'टमाटर की उपज और मृदा के गुणों पर सिंचाई व्यवस्था और हाइड्रोजेल का प्रभाव' शीर्षक से शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें मृदा विज्ञान विषय में शिक्षण में उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया। टमाटर पर दो साल के प्रयोगों के आधार पर डॉ. यादव ने पाया कि 'फसल अमृत' नामक हाइड्रोजेल टमाटर की फसल की उपज और मृदा के गुणों में सुधार के साथ जल उपयोग दक्षता और जल उत्पादकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। इस उपलब्धि पर एमपीयूएटी उदयपुर के अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविंद वर्मा ने डॉ. यादव को बधाई दी और उनके द्वारा किए गए शोध कार्यों की सराहना की।

## बच्चों-बड़ों ने किया पौधारोपण



**बेधड़क. जयपुर।** नेचर लवर्स ग्रुप व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से एक पेड़ देश के नाम, एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान 1 जुलाई से लगातार चल रहा है। अभियान के दौरान गुरुवार को चित्रकूट सेक्टर 5 के पार्क में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में नेचर लवर्स ग्रुप अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता के साथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बस्ती प्रमुख अरुण गुप्ता, रेल-वे मैनेजर सुनिल जैन, दामोदर लाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक की पर्यावरण गतिविधि की मधु गुप्ता, आशा जैन, प्रिया गुप्ता, मंजू सिंह व बच्चों ने पौधे लगाए। बच्चों ने पौधों के संरक्षण का जिम्मा लिया। पौधरोपण में नीबू, जामुन, अमरूद , बेलपत्र आदि लगाए गए।

## डॉ. मधु भट्ट तैलंग को टॉप ग्रेड



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान की प्रथम महिला ध्रुवपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग को प्रसार भारती दिल्ली की ओर से भारतीय शास्त्रीय संगीत की ध्रुवपद-धमार गायकी की श्रेणी में टॉप ग्रेड प्रदान किया गया। उन्हें यह जानकारी पत्र से दी गई। 9 फरवरी 2024 को दिल्ली आकाशवाणी में हुई डॉ. मधु की रिकॉर्डिंग को ऑडिशन बोर्ड के परीक्षक मंडल ने सर्वोच्च ग्रेड के लिए योग्य घोषित किया। पैनल में देश के उत्कृष्ट गायक वादक शामिल होते हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में ध्रुवपद की महिला ध्रुवपद गायिकाओं में मधु अकेली हैं, जिन्हें ये ग्रेड प्राप्त है।

## City इवेंट्स

### राज्यपाल ने शहीदों को किया नमन



**बेधड़क. जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने गुरुवार को जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पहुंचकर वहां पुष्पचक्र अर्पित किया। राज्यपाल बागड़े ने अमर जवान ज्योति पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वीर शहीद हमारे देश के गौरव हैं, जिनसे हम सब आलोकित होते हैं। उन्होंने वहां रखी विजिटर बुक में लिखा कि मां भारती के लिए अपने प्राणों की परवाह किए बिना प्राण न्यौछावर करने वाले सभी शहीदों को मेरा नमन है। मैं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।

### पौधे लगा सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली



**बेधड़क. जयपुर।** लघु उद्योग भारती-रामचन्द्रपुरा इकाई ने तिजारिया पॉलीपाइप्स लिमिटेड रामचन्द्रपुरा पर द्वितीय मासिक बैठक का आयोजन किया। बैठक में लघु उद्योग भारती के प्रदेश मंत्री सुभद्र पापड़ीवाल, अध्यक्ष अनिल और महासचिव प्रवीण जैन तिजारिया (अध्यक्ष जयपुर रनर्स क्लब) ने स्वागत किया। प्रदेश मंत्री सुभद्र पापड़ीवाल ने मार्गदर्शन दिया। इसके बाद अध्यक्ष अनिल की अनुमति के बाद महासचिव प्रवीण जैन तिजारिया ने पूर्व में प्रसारित एजेंडा के अनुसार विषयों को चर्चा के लिए प्रस्तुत किया। सदस्यों और रीको लिमिटेड अधिकारियों ने विषयों पर विचार विमर्श किया और निर्णय लिए गए। बैठक के बाद सभी सदस्यगणों ने मिलकर क्षेत्र में पौधरोपण किया और वृक्षों की सार-संभाल की जिम्मेदारी का संकल्प लिया।

'अंगदान जागरूकता ऑन व्हील्स' का आयोजन

## रोड शो में 'सेव ए लाइफ आफ्टर लाइफ' का संदेश



**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय अंगदान महीने के तहत नवजीवन एमएफजेसीएफ ने 'अंगदान जागरूकता ऑन व्हील्स' रोड शो निकालकर लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक किया। रोड शो को शाम 4 बजे अमर जवान ज्योति से शुभ्रा सिंह, आईएएस एसीएस चिकित्सा और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राजीव अरोड़ा अध्यक्ष एमएफजेसीएफ, डॉक्टर रश्मि गुप्ता अतिरिक्त निदेशक चिकित्सा शिक्षा, भावना जगवानी संयोजक एमएफजेसीएफ और टीम नवजीवन एमएफजेसीएफ की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 'सेव ए लाइफ आफ्टर लाइफ' जैसे सशक्त संदेशों से सजी बस ने समुदाय के साथ जुड़ने और जागरूकता फैलाने के लिए कई महत्वपूर्ण पड़ाव डाले। रोड शो रात 9 बजे वापस लौटा जो प्रभावशाली बातचीत और अंगदान के बारे में बढ़ती जागरूकता से भरे एक सफल दिन के अंत का प्रतीक था। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों और आम जनता की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिससे इस जीवन-रक्षक उद्देश्य के प्रति समुदाय का समर्पण मजबूत हुआ। जयपुर में प्रमुख स्थानों के माध्यम से बस की यात्रा ने एक दृश्य और शैक्षिक उपकरण के रूप में काम किया, जिससे लोगों तक अंगदान का संदेश सीधे पहुंचा।

श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में 12 को होगा आयोजन

## गंगाजल और दिव्य औषधियों से होगा भगवान शिव का महाभिषेक



**बेधड़क | जयपुर**

श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर-शिव मंदिर नंदपुरी रामनगर, सोडाला में भगवान शिव का महाभिषेक और आराधना 12 अगस्त को किया जाएगा। इस अवसर पर श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को भगवान शिव की विशेष उपासना की जाएगी।

गंगाजल से शिव महाभिषेक कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन गुरुवार को अवधेश दास, राजस्थान विधान सभा प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, उपमुख्य मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक कैलाश वर्मा, विधायक रविन्द्र भाटी, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा, श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट महासचिव गब्बर कटारा और इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिशन प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा उपस्थित रहे। गंगाजल शिव महाभिषेक आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज ओझा ने बताया कि 12 अगस्त को सुबह 5:00 बजे भगवान शिव आरती और मन्त्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। धार्मिक गायन और भजनों का आयोजन होगा और वेद मंत्रों से स्तुति होगी। सुबह 6 से दोपहर 2:00 बजे तक गंगाजल से भगवान शिव का महाशिवभिषेक किया जाएगा। संयोजक गब्बर कटारा ने बताया कि आयोजन में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाया जाएगा। इसे प्रमुख नदियों और सरोवरों के जल के साथ मिलाकर अभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम में जो कावड़िया हरिद्वार से कवाड़ नही ला सकते वो जयपुर से ही गंगाजल प्राप्त कर शिव अभिषेक कर सकते हैं।

**जन्म दिन पर विशेष** | म्यूरल आर्टिस्ट पंकज भार्गव ने चार महीने में तैयार की मूर्ति

# सांचे में ढाला ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी का पाकीजा नृत्य

**बेधड़क | जयपुर**

ट्रेजडी क्वीन के नाम से मशहूर मीनाकुमारी की दीवानगी आज तक छाई हुई है। उनकी अदाकारी के साथ आवाज को लोग आज भी याद रखते हैं। एक अगस्त को मीनाकुमारी का जन्मदिन है और जयपुर के मूर्तिकार और म्यूरल आर्टिस्ट पंकज भार्गव ने इस मौके पर मीनाकुमारी की नृत्य करती हुई आकर्षक मूर्ति तैयार की है। राजस्थान फिल्म फेस्टिवल की फाउंडर संजना शर्मा ने इस मूर्ति को बनाने की प्रेरणा दी और पंकज भार्गव ने एक अलग तरह की प्रतिमा बनाकर लोगों के बीच चर्चा बटोरी है।



### सीआरसी से बनाई मूर्ति

पंकज एक शिल्पकार हैं और ब्रश के हर स्ट्रोक से सवार कर लोगों के सपनों को सजीव बना रहे हैं। पाकीजा की मीना कुमारी की याद को ताजा करते हुए उन्होंने यह मूर्ति बनाई है। पंकज ने बताया कि इसे बनाने में मुझे चार महीने का समय लगा। इस मूर्ति की ऊंचाई आठ फुट है और इसकी चौड़ाई चार फुट है। इसे सीआरसी केमिकल में बनाया गया है। यह फॉर डाइमेंशनल स्टैचू है, इसको पूर्ण आकार देने में मेरी पत्नी ऋषिता भार्गव का भी अहम योगदान रहा। ये शिल्प मेरे कार्यकाल का गौरवशाली पल रहा है और उनके जन्म दिवस पर मैं उन्हें समर्पित करता हूं।



### पहले भी कई बड़ी मूर्तियां और म्यूरल बना चुके हैं पंकज

पंकज ने बताया कि इससे पहले भी मैंने कई बड़ी मूर्तियां और म्यूरल तैयार किए है। गौरतलब है कि 90 साल पहले 1933 में एक अगस्त के दिन जन्मी मीना कुमारी ने पूरे भारत को अपने रंग में रंग दिया था। अपने 33 साल के करियर (कार्यकाल) में पाकीजा, परिणिता और साहब, बीवी गुलाम जैसी 90 से अधिक फिल्मों में उन्होंने अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा और लाखों लोगों को अपना मुरीद बनाया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 02 अगस्त, 2024



विरासत में सिर्फ जमीन मिल सकती है, आसमान अपने हिस्से का खुद ही बनाना होगा।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### दो दिन में मिली 3 गुडन्यूज; हावी हुआ यहूदी देश

# इजराइल ने हमास का मिलिट्री चीफ भी किया ढेर



**तेल अवीव।** हमास के सुप्रीम नेता इस्माइल हानियेह को ईरान में मार गिराने के बाद इजराइल को जंग में तीसरी बड़ी सफलता मिली है। इजराइल ने दावा किया है कि गाजा में हमलों के दौरान हमास का मिलिट्री चीफ मोहम्मद डीफ मारा गया है। एक आंख वाला मोहम्मद डीफ इजराइल में कुख्यात था और 7 अक्टूबर के भीषण आतंकी हमले में उसकी अहम भूमिका थी। ऐसे में बीते 9 महीनों से जारी जंग में इजराइल ने निर्णायक सफलता पा ली है। उसने लगातार दो दिनों में हमास और हिजबुल्लाह के तीन बड़े लोगों को ढेर किया है। इजराइल की सेना ने गुरुवार को मोहम्मद डीफ के मारे जाने का ऐलान किया है। बता दें कि बुधवार को ही लेबनान में हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर फुवाद शुक्र को भी मारने की जानकारी इजराइल ने दी थी।

इजराइल ने कहा कि बीते महीने दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस में हमलों के दौरान मोहम्मद डीफ मारा गया था। इजराइल की मिलिट्री ने बयान जारी किया, 'इजराइल डिफेंस फोर्स की ओर से घोषणा की जाती है कि खान यूनिस में 13 जुलाई को फाइटर जेट के हमले में मोहम्मद डीफ के मारे जाने की पुष्टि हुई है। यह हमला खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया था।' इजराइल बीते साल हुए 7 अक्टूबर के भीषण हमले का मास्टरमाइंड मोहम्मद डीफ को ही माना जाता है। उस हमले के बाद से ही गाजा में हमास और इजराइल के बीच जंग जारी है।



### 30 साल से इजराइल को थी मोहम्मद डीफ की तलाश

मोहममद डीफ का मारा जाना इजराइल के लिए बड़ी सफलता है, क्योंकि उसकी 30 सालों से तलाश थी। उसे अमेरिका ने भी 2015 में अपनी इंटरनेशनल टेररिस्ट्स की लिस्ट में शामिल किया है। इजराइल की सेना ने कहा कि उनकी धरती पर डीफ ने बीते सालों में कई हमले किए थे। गौरतलब है कि इजराइल पर हुए भीषण हमले में 1200 लोग मारे गए थे। वहीं करीब 250 लोगों को हमास के आतंकियों ने बंधक बना लिया था।

### कभी टूथपेस्ट तो कभी फोन से मार डालता है इजराइल

एक ही दिन में हमास और हिजबुल्लाह के लीडर का खात्मा कर इजराइल ने खलबली मचा दी है। एक तरह जहां इजराइल ने ईरान में घुसकर हमास लीडर हानियेह को मार गिराया, वहीं दूसरी तरफ लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला कर उसके नेता फउद शुकर को मार कर बदला लिया, लेकिन यह पहली बार नहीं है जब इजराइल दुश्मन की धरती पर उनको मार गिराया है। बुधवार की सुबह तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानियेह की हत्या भी इस सूची में शामिल हो गई है। हमास ने अपने राजनीतिक विंग के प्रमुख हानियेह की मौत को हत्या बताया है। हमास ने बदला लेने की कसम खाई है। इससे मध्य पूर्व में पहले से चल रही जंग की आग भड़क गई है। हालांकि इजराइल ने अब तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इजराइल अक्सर देश की सीमा के पार लक्षित हत्या करवाने में अपनी भूमिका इनकार करता है। हानियेह से पहले कई दुश्मनों को ठिकाने लगा चुका है इजराइल। इसके कुछ उदाहरण हैं-

हमास के लिए बम बनाने वाले याह्या अय्याश की 1996 में गाजा में एक नकली सेलुलर फोन के जरिए हत्या कर दी गई थी। हमास के संस्थापक और आध्यात्मिक नेता शेख अहमद यासीन की मार्च 2004 में गाजा शहर में एक इजराइली हेलिकॉप्टर हमले में हत्या कर दी गई थी। हमास के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता महमूद अल-मभौह की जनवरी 2010 में दुबई के एक होटल के कमरे में हत्या कर दी गई थी।

### इस्माइल के जनाजे के बीच दी खबर

यहूदी देश की सेना ने कहा कि मोहम्मद डीफ ने ही 7 अक्टूबर के हमले की प्लान की और उसे अंजाम दिया था। इजराइल की ओर से यह घोषणा उस दौरान की गई, जब ईरान की राजधानी तेहरान में हमास के नेता इस्माइल हानियेह के जनाजे में हजारों की भीड़ जुटी थी। माना जा रहा है कि इस बड़े ऐलान के लिए इजराइल ने जानबूझकर ऐसा मौका चुना ताकि हमास और ईरान का मनोबल तोड़ा जा सके। बता दें कि मंगलवार को ही इजराइल ने तेहरान में इस्माइल को मार डाला था। उसकी हत्या उस दौरान की गई, जब वह ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ समारोह से लौट रहा था।

### वेनेजुएला: राष्ट्रपति मादुरो से लड़ेंगे मस्क, बोले...

# फ्री में मंगल ग्रह भेजूंगा

**एजेंसी** | एलन मस्क

टेस्ला के सीईओ और X के मालिक एलन मस्क ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से लड़ने की चुनौती को स्वीकार कर लिया है। हाल ही में मादुरो ने मस्क को नेशनल टीवी पर लड़ाई के लिए चैलेंज किया था। मस्क ने X पर इस चुनौती को स्वीकार कर लिया है। बता दें कि हाल ही में वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हुए हैं जिसमें मादुरो पर धांधली कर के जीतने के आरोप लग रहे हैं।

निकोलस मादुरो ने एलन मस्क पर वेनेजुएला के खिलाफ हमले का आरोप लगाया है। मादुरो ने कहा है कि वेनेजुएला के नेशनल इलेक्टोरल काउंसिल (NEC) में कथित कंप्यूटर हैकिंग के पीछे भी एलन मस्क का हाथ है। बता दें कि NEC ने हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में विस्तृत डेटा प्रदान किए बिना निकोलस मादुरो को विजेता घोषित किया है। इस चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। निकोलस मादुरो ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि हमारे नए कट्टर दुश्मन मस्क, क्या तुम लड़ना चाहते हो? एलन मस्क, मैं तैयार हूं। मैं नहीं डरता। आओ लड़ें, जहां भी तुम चाहो।



### एलन मस्क ने बताई लड़ाई की शर्त

एलन मस्क ने X पर बताया है कि मादुरो एक बड़े व्यक्ति हैं और संभवतः लड़ना जानते हैं। इसलिए यह लड़ाई सच में होने जा रही है। मस्क ने शर्त रखी कि अगर मैं जीत गया तो निकोलस मादुरो वेनेजुएला के तानाशाह पद से इस्तीफा दे देंगे। और अगर मादुरो जीतते हैं तो मस्क उन्हें मंगल ग्रह की मुफ्त यात्रा कराएंगे।

### राष्ट्रपति चुनाव परिणाम के बाद निशाने पर मादुरो

बीते कुछ समय से वेनेजुएला की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। इस दौरान एलन मस्क और मादुरो के बीच दुश्मनी बढ़ गई है। मादुरो को एक समाजवादी तो वहीं, एलन मस्क को पूंजीवादी शख्स के तौर पर जाना जाता है। दोनों के बीच काफी वैचारिक टकराव भी है। हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव परिणाम के सामने आने के बाद भी मस्क ने मादुरो की काफी आलोचना की है।

### भारत ने जारी की एडवाइजरी

# 'तुरंत लेबनान छोड़िए'... हालात खराब

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तेहरान में हमास चीफ इस्माइल हानियेह और इससे पहले हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर की हत्या के बाद इजराइल ने दुनिया भर में अपने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा बढ़ा दी है। दोनों देशों के बीच तनाव ने बाकी देशों के लिए भी चिंता बढ़ा दी है। इस बीच लेबनान की राजधानी बेरुत स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों से देश छोड़ने को कहा है। भारत के अलावा कई अन्य देशों ने भी अपने नागरिकों से लेबनान की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। साथ ही, अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों से लेबनान की यात्रा न करने और जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है। एडवाइजरी जारी करने वाले देशों में ब्रिटेन और अमेरिका भी शामिल हैं। 31 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया ने जो एडवाइजरी जारी की है, उसमें कहा गया, 'हम लगातार सलाह दे रहे हैं कि अस्थिर सुरक्षा स्थिति के और बिगड़ने के जोखिम के कारण ऑस्ट्रेलियाई लोग लेबनान की यात्रा न करें। लेबनान से ऑस्ट्रेलियाई लोगों को तुरंत निकल जाना चाहिए, कमर्शियल फ्लाइट उपलब्ध हैं।'



### उड़ानें स्थगित या रद्द

कई देशों ने बुधवार को ही एडवाइजरी जारी कर दी थी। इसमें कहा गया, 'कुछ एयरलाइनों ने कुछ उड़ानों को स्थगित या रद्द कर दिया है। आगे भी बहुत कम या बिना किसी सूचना के उड़ानें रद्द और बाधित हो सकती हैं। बेरुत हवाई अड्डा बंद हो सकता है, और आप लंबे समय तक फंस सकते हैं। एयरलाइन और अधिक फ्लाइट कैंसिल कर सकते हैं या फिर किराया बढ़ा सकते हैं.' ब्रिटेन ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl